www.tamsasanket.com
वर्षः 06 || अंक 88 || लखनऊ
रविवार
28 जून 2026 || पृष्ठः 04 || मूल्यः ₹2
आज़ादी का अमृत महोत्सव
https://epaper.tamsasanket.com

# दैनिक तमसा संकेत

लखनऊ व अम्बेडकर नगर से एक साथ प्रकाशित

>> डॉ. लोहिया की जन्म भूमि से सर्वप्रथम प्रकाशित समाचार पत्र

**मौसम**
सूर्योदयः 05:15
सूर्यास्तः 07:04
अधिकतमः 39°00
न्यूनतमः 30°00



पेज 07

विशेष समाचार | आखिर भारत में क्या हो ... >> पेज 04 | 60 करोड़ों की सरकारी जमीन ... >> पेज 06 | दूसरी लड़की के साथ पार्टी करते ...

सीएम योगी ने कहा- आज नक्सलवाद बामुश्किल एक, दो जनपद तक सीमित रह गया है, वह भी कुछ दिन में समाप्त हो जाएगा। कश्मीर का आतंकवाद खत्म हो गया। पूर्वोत्तर का उग्रवाद खत्म हो गया। सुरक्षा ही नहीं होगी तो विकास कैसे होगा। सुरक्षा के कारण ही देश में विकास के कार्य हो रहे हैं। जिस देश का इंफ्रास्ट्रक्चर जितना मजबूत होगा, वह देश उतनी ही तेजी से विकास करेगा।



## योगी ने बेलचे से मिट्टी डालकर शिलान्यास किया, नोएडा में सपाइयों को पुलिस ने खदेड़ा

# पिछली सरकारों के पाप के गड्ढे भरने में लगा समय : योगी

**लोकार्पण**

तमसा संकेत, एजेंसी

नोएडा। सीएम योगी ने शनिवार को ग्रेटर नोएडा और यमुना सिटी में 9,228 करोड़ की परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया। साथ ही सेक्टर-96 में नोएडा प्राधिकरण के नए भवन का शुभारंभ किया। यमुना सिटी के इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर (EMC) में 6,750 करोड़ रुपए के निवेश वाली 3 कंपनियों की परियोजनाओं की आधारशिला भी रखी। इस मौके पर एंबर ग्रुप के मालिक ने सीएम योगी को बजरंग बली की मूर्ति और शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। इस दौरान सीएम ने कहा कि पिछली सरकार के पापों के गड्ढे भरने में समय लगा। कभी जंगलराज के लिए बदनाम रहा जेवर, आज 'मंगलराज' का प्रतीक बन गया है।

>> (शेष पेज 06 पर)



**9,228** करोड़ की परियोजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण किया सीएम योगी ने ग्रेटर नोएडा और यमुना सिटी में

**6,750** करोड़ के निवेश वाली 3 परियोजनाओं की आधारशिला रखी गई यमुना सिटी के ईएमएस में

### सीएम योगी बोले- नोएडा पूर्व मुख्यमंत्रियों के लिए "शापित" माना जाता था

जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि विकास के लिए स्पष्ट विजन और मजबूत इच्छाशक्ति की जरूरत होती है। आज उत्तर प्रदेश में जहां भी जाएं, विकास का विजन साफ दिखाई देता है। नोएडा अथॉरिटी ने आधुनिक ऑडिटोरियम का निर्माण कराया है और करीब 2,500 करोड़ रुपये की परियोजनाएं सीधे जनता की सुविधाओं और समस्याओं के समाधान से जुड़ी हैं।

### कानपुर व झांसी के बीच बन रही इंडस्ट्रियल सिटी

*सीएम योगी ने कहा कि राज्य सरकार कानपुर व झांसी के बीच 56 हजार एकड़ क्षेत्र में बीडा के रूप में एक बड़े इंडस्ट्रियल सिटी का निर्माण कर रही है। इस परियोजना के लिए पर्यावरणीय स्वीकृति का प्रस्ताव भारत सरकार के पास भेजा गया था। प्रस्ताव जब केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव जी के पास गया तो उन्होंने तत्काल सभी कार्यों को समय-सीमा में पूरा करते हुए इसकी स्वीकृति दी और फोन करके अवगत भी कराया। केंद्र व राज्य सरकार के बीच इसी प्रकार का समन्वय और त्वरित निर्णय देश के विकास को नई गति प्रदान करता है।*



### पाप के गड्ढे भरने में समय लगा

सीएम ने कहा- सरकार ने बिल्डर-बायर्स, किसानों, आरडब्ल्यूए और उद्यमियों की समस्याओं के समाधान के लिए ठोस कदम उठाए हैं। एमएसएमई, ओडीओपी, इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग, फिल्म सिटी और जेवर एयरपोर्ट जैसी परियोजनाएं प्रदेश को नई पहचान दे रही हैं। विकसित भारत का लक्ष्य मजबूत मैन्युफैक्चरिंग, निवेश और रोजगार सृजन से ही पूरा होगा।

### सीएम बोले- अब आम नागरिकों समस्याओं का समाधान एक ही छत के नीचे होगा

सीएम ने कहा- सरकार ने बिल्डर-बायर्स की वर्षों पुरानी समस्या के समाधान के लिए लगातार काम किया। एक साल में करीब 1.25 लाख लोगों को उनके घर उपलब्ध कराए गए। कुछ मामलों के सुप्रीम कोर्ट पहुंचने के बाद सरकार ने समिति बनाकर समाधान निकाला। जिसके परिणामस्वरूप करीब 3 लाख संपत्तियों की रजिस्ट्री संभव हो सकी।

# बीजेपी ने भारतीय सीमाओं को सुरक्षित किया : योगी

## कहा- 2014 से पहले दुश्मन देश आंख दिखाते थे

**उद्घाटन**

तमसा संकेत, एजेंसी

> सीएम योगी ने कहा- आज नक्सलवाद बामुश्किल एक, दो जनपद तक सीमित रह गया है, वह भी कुछ दिन में समाप्त हो जाएगा। कश्मीर का आतंकवाद खत्म हो गया। पूर्वोत्तर का उग्रवाद खत्म हो गया। सुरक्षा ही नहीं होगी तो विकास कैसे होगा। सुरक्षा के कारण ही देश में विकास के कार्य हो रहे हैं।

गोरखपुर। CM योगी शनिवार को भाजपा महानगर के दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग में पहुंचे। उन्होंने प्रशिक्षण वर्ग का उद्घाटन किया। CM योगी ने कहा- 2014 के पहले दुश्मन देश हमारे सैनिकों के साथ क्रूरता करते थे। चोरी छिपे उनके साथ अत्याचार कर लेते थे। सरकारें कहती थीं कि बोलना नहीं है कहीं संबंध खराब न हो जाए। यानी देश की कीमत पर संबंध बनाने की चिंता थी। लेकिन 2014 के बाद दुश्मन की आंख से आंख मिलाने की सामर्थ्य, अगर दुश्मन भारत की सीमा पर अतिक्रमण और भारत के जवानों पर चोरी छिपे हमला करता है तो एयर स्ट्राइक और सर्जिकल स्ट्राइक से भी कोई रोक नहीं सकता है।




### सिया का प्रेमी चेतन के साथ नया वीडियो सामने आया


पुणे। पुणे के केतन अग्रवाल मर्डर केस में सोशल मीडिया पर नया वीडियो सामने आया है। इसमें मुख्य आरोपी मंगेतर सिया गोयल अपने प्रेमी चेतन चौधरी के साथ महाराष्ट्र क्रिकेट लीग का मैच देखती नजर आ रही है। हालांकि, यह वीडियो कब का है, इसकी आधिकारिक जानकारी अभी सामने नहीं आई है। इधर, पुणे पुलिस ने शुक्रवार को 10 घंटे तक सिया के भाई साहिल गोयल से करीब 10 घंटे पूछताछ की। पुलिस के मुताबिक, साहिल चेतन चौधरी को जानता है। उसने बताया कि चेतन और सिया की दोस्ती क्रिकेट मैच के दौरान हुई थी। वहीं, आज सिया के माता-पिता को पूछताछ हुई। नया दावा सामने आया है। केतन का शव रेस्क्यू करने वाले सुनील गायकवाड़ ने बताया है कि केतन के सिर पर गंभीर चोटें थीं, खोपड़ी कुचली हुई थी और हाथ-पैरों पर भी कई जगह चोट थीं।

# दिल्ली-एनसीआर और जम्मू-कश्मीर में भूकंप के तेज झटके

**अफगानिस्तान में आए 6.2 तीव्रता के भूकंप का असर, 8 देशों में भी महसूस हुए झटके**

तमसा संकेत, एजेंसी

श्रीनगर। अफगानिस्तान के हिंदूकुश क्षेत्र में शनिवार शाम 7.04 बजे 6.2 तीव्रता का भूकंप आया। इसका असर अफगानिस्तान समेत 8 देश भारत, पाकिस्तान, चीन, ताजिकिस्तान, उज्बेकिस्तान, किर्गिस्तान और तुर्कमेनिस्तान में देखा गया। देश में जम्मू-कश्मीर और दिल्ली-एनसीआर में भी झटके महसूस किए गए। लोग घरों और दफ्तरों से बाहर निकल आए। हालांकि, अब तक किसी तरह के जान-माल के नुकसान की सूचना नहीं है। भूकंप का केंद्र उत्तर-पूर्वी अफगानिस्तान में कलाफगान से करीब 81 किलोमीटर दूर था। भूकंप की गहराई 215 किलोमीटर थी। श्रीनगर के रहने वाले



इम्तियाज अहमद ने भूकंप की जानकारी देते हुए बताया कि वह घर के बाहर कुर्सी पर बैठे हुए थे। तभी कुर्सी और बिजली की तारें हिलने लगीं। जहां भूकंप का केंद्र होता है वहां तेज झटके महसूस किए जाते हैं। जैसे जैसे केंद्र से दूरी बढ़ती है उतने तेज झटके महसूस नहीं होते हैं। आमतौर पर भूकंप की तीव्रता 6.5 या उससे ज्यादा होने पर जान-माल के नुकसान की आशंका बढ़ जाती है।

**फास्ट न्यूज**

### कर्नाटक में हाईवे पर कार में धमाका, युवक की मौत

तुमकुर। कर्नाटक के तुमकुरु जिले में शनिवार को नेशनल हाईवे पर कार में हुए धमाके में युवक की मौत हो गई। शुरुआती जांच में पुलिस को आशंका है कि युवक ने कार के अंदर देसी बम या किसी विस्फोटक का इस्तेमाल किया। हालांकि धमाके की असली वजह और कौन सा विस्फोटक इस्तेमाल हुआ, इसकी पुष्टि फोरेंसिक रिपोर्ट आने के बाद ही होगी।

### गाजा में बच्चों को खत्म करने की कोशिश : सोनिया

नई दिल्ली। कांग्रेस सांसद सोनिया गांधी ने गाजा में इजराइल की सैन्य कार्रवाई पर मोदी सरकार के स्टैंड पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने लिखा, 'संयुक्त राष्ट्र की स्वतंत्र अंतर-राष्ट्रीय जांच आयोग की जून 2026 की रिपोर्ट बताती है कि इजराइल गाजा में फिलिस्तीनियों के अस्तित्व को खत्म करने के इरादे से बच्चों को निशाना बना रहा है। इतनी गंभीर रिपोर्ट आने के बाद भी मोदी सरकार चुप है।' सोनिया ने लिखा कि इस आयोग की अगुआई अब भारत के पूर्व न्यायाधीश जस्टिस एस. मुरलीधर कर रहे हैं। उनके नेतृत्व में जारी 94 पन्नों की रिपोर्ट में कहा गया है।

### खड़ी कार का एयरबैग खुलने से युवक की मौत


ठाणे। महाराष्ट्र के ठाणे में एक खड़ी कार में अचानक एयरबैग खुलने से 25 साल के कार डीलर की मौत हो गई। युवक का नाम मोहित सोनी है। वह एक 15 साल पुरानी कार के अंदर बैठा था। तभी अचानक गाड़ी का सेफ्टी सिस्टम एक्टिव हो गया। एयरबैग इतनी तेजी से खुला कि उसके जोरदार झटके से उसकों गंभीर चोटें आईं। ज्यादा खून बहने के कारण उसकी मौत हो गई।

## सरकार ने परीक्षा रद्द की, पेपर ठाणे से बरामद, सरकारी टीचर्स के लिए ये परीक्षा जरूरी

# महाराष्ट्र में एग्जाम से एक दिन पहले लीक हुआ टीईटी पेपर

तमसा संकेत, एजेंसी

मुंबई। महाराष्ट्र में शिक्षक पात्रता परीक्षा (TET) का पेपर करीब 24 घंटे पहले लीक हो गया। एग्जाम रविवार को होना था। महाराष्ट्र स्टेट एग्जामिनेशन काउंसिल (MSEC) ने इसके बाद परीक्षा स्थगित कर दी है। नई तारीखों का ऐलान बाद में किया जाएगा। राज्य सरकार ने पेपर लीक की जांच के लिए विशेष जांच दल (SIT) गठित कर दी है। पुलिस के मुताबिक, पेपर लीक की सूचना के बाद ठाणे के भिवंडी इलाकों के कई जगहों पर छापेमारी की। इसके बाद एग्जामिनेशन काउंसिल के अफसरों को बुलाया और जब्त पेपर को




वेरिफाई कराया गया। पुलिस ने बताया कि इस मामले में कई लोगों को हिरासत में लिया है। हालांकि संख्या नहीं बताई है। यह कार्रवाई एग्जाम के 24 घंटे पहले की गई। परीक्षा में 4.28 लाख ज्यादा उम्मीदवार शामिल होने वाले थे।

>> (शेष पेज 06 पर)

**क्या है टीईटी एग्जाम**

टीचर एलिजिबिलिटी टेस्ट यानी TET एक राष्ट्रीय स्तर की पात्रता परीक्षा है, जो यह तय करती है इस परीक्षा को नेशनल काउंसिल फॉर टीचर एजूकेशन (NCTE) ने 2010 में अनिवार्य कर दिया था। केंद्र सेंट्रल TET और राज्य स्टेट TET करवाते हैं।



**पेपर लीक के बाद कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने केंद्र और राज्य सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा कि एक और पेपर लीक हुआ, परीक्षा रद्द हो गई। इस बार महाराष्ट्र की टीईटी परीक्षा।**



### तीन दिवसीय दौरे पर सेशल्स पहुंचे पीएम मोदी, राष्ट्रपति पैट्रिक हर्मिनी ने किया स्वागत


प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को तीन दिवसीय दौरे पर सेशेल्स पहुंचे। राजधानी विक्टोरिया में राष्ट्रपति पैट्रिक हर्मिनी ने उनका स्वागत किया। दोनों नेताओं ने नेशनल बोटैनिकल गार्डन में एल्डाब्रा जाइंट कछुओं को पत्तियां खिलाईं। मोदी 29 जून को सेशेल्स के 50वें राष्ट्रीय दिवस समारोह में मुख्य अतिथि भी होंगे। हिंद महासागर में बसे इस छोटे से द्वीपीय देश का भारत से रिश्ता सिर्फ रणनीतिक नहीं, बल्कि 256 साल पुराना भी है। साल 1770 में जब यहां पहली स्थायी बस्ती बसाई गई, तब वहां पहुंचने वाले 27 लोगों में 5 भारतीय भी शामिल थे।

## त्यागपत्र : दोषियों को सजा दिलाएंगे, चंपत राय के इस्तीफे पर फैसला 11 जुलाई को

# राम मंदिर ट्रस्ट का दावा : भक्तों का दिया सोना-चांदी सुरक्षित

तमसा संकेत, एजेंसी

अयोध्या। श्रीराम जन्मभूमि ट्रस्ट ने शनिवार को चंपत राय और अनिल मिश्रा के इस्तीफे की पुष्टि कर दी। ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष स्वामी गोविंददेव गिरि ने कहा कि महामंत्री चंपत राय और ट्रस्टी अनिल मिश्रा से त्यागपत्र मिला है। हम अपनी 11 जुलाई को होने वाली बैठक में इस पर विचार करेंगे। हम उन भक्तों को आश्वस्त करते हैं, जिन्होंने चांदी की ईंटें और सोने-चांदी के आभूषण प्रभु श्रीराम की सेवा में अर्पण किए हैं। वे सभी वस्तुएं सुरक्षित हैं। हम विश्वास दिलाते हैं



कि भविष्य में कोई दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति न बने, ऐसा सुनिश्चित करेंगे। अपराधियों को कड़ा दंड मिले, इसका आग्रह करेंगे। वहीं, इंडोनेशिया के जकार्ता में शुक्रवार को पंडित धीरेंद्र शास्त्री भावुक हो गए। कहा- रावण तो ये भी हैं बस रूप बदल गए हैं। रावण ने तो केवल माता जानकी जी की चोरी की थी। राम मंदिर के दानपात्र से लाखों-करोड़ों लोगों की श्रद्धा और भरोसा चोरी हुआ। हमें खबर मिली है कि FIR हुई है। अभी और जांच हो। पक्का है और पकड़े जाएंगे। उन्होंने कहा- सच तो सच है, जिसको बुरा लगता है उसे लगे। रावण ने माता जानकी जी की चोरी की थी, उसका परिणाम ये निकला कि उसका परिवार नाश हो गया। चढ़ावा चोरी करने वाले सरकारी दंड तो पाएंगे ही ही, भगवान भी महादंड देंगे।

>> (शेष पेज 06 पर)

### मंत्री निषाद बोले- जो जितना बड़ा दोषी, उसे उतनी बड़ी सजा होगी

निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और मंत्री डॉ. संजय निषाद शनिवार को कानपुर पहुंचे। यहां राम मंदिर चढ़ावा मामले पर पूछे गए सवाल के जवाब में डॉ. निषाद ने कहा कि मुख्यमंत्री का साफ संदेश है कि जो जितना बड़ा दोषी होगा, उसे उतनी ही सख्त सजा मिलेगी। उन्होंने कहा कि केवल विपक्ष के आरोप लगाने से कोई व्यक्ति दोषी नहीं हो जाता। जनता ने विपक्ष को सत्ता से बाहर कर दिया है, इसलिए वह लगातार बयानबाजी कर रहा है। लोकतंत्र में आरोपों से ज्यादा महत्व जांच और साक्ष्यों का होता है तथा दोष तय होने के बाद ही कार्रवाई होनी चाहिए।

### लवकुश के बाबा बोले- चंपत राय-अनिल मिश्रा पर दर्ज हो मुकदमा

लवकुश के बाबा जगदंबा प्रसाद मिश्रा ने कहा कि मेरे पोते को फंसाया जा रहा है। लवकुश अकेले नहीं दोषी हैं, उसके साथ पूरा मैनेजमेंट जिम्मेदार है। लवकुश छोटा कर्मचारी है, इसलिए उसे फंसाया गया है। मुकदमा चंपत राय, अनिल मिश्रा सुमित अनेक लोगों पर भी दर्ज होना चाहिए।

**आजमगढ़ में अखिलेश यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या जाने का वर्ल्ड रिकॉर्ड बना दिया है।**

**अगर राममंदिर में चढ़ावा चोरी की इतनी बड़ी घटना हुई, तो क्या सरकार और उसका सूचना तंत्र इससे अनजान था? प्रदेश में फैले भ्रष्टाचार और आस्था के साथ हुए खिलवाड़ को जनता देख रही है।**

# मुंबई-मुहर्रम जुलूस में दर्द की दवा बताकर जहरीले कैप्सूल बांटे

**पुलिस ने 14,900 कैप्सूल के साथ व्यक्ति को पकड़ा, चूहे मारने वाला जहर भरा था**

तमसा संकेत, एजेंसी

मुंबई। मुंबई में मोहर्रम जुलूस के दौरान लोगों को जिंक फॉस्फाइड के जहरीले कैप्सूल बांटने का मामला सामने आया है। मुंबई पुलिस के मुताबिक, आरोपी फैयाज प्रेमजी 'दर्द से राहत' के नाम पर लोगों को ये कैप्सूल देने की कोशिश कर रहा था। मामला मुंबई के जेजे और भायखला इलाके का है। जूलूस के दौरान आरोपी ने कई लोगों को ये कैप्सूल दिए थे। इनमें से एक शख्स का पेट दर्द और उल्टी होने लगी। इसके बाद लोगों को कुछ शक हुआ तो पुलिस से शिकायत की गई। पुलिस ने आरोपी को 14,900 कैप्सूल के साथ गिरफ्तार किया। उसने हर कैप्सूल में करीब एक ग्राम जहर भरा था। इसके लिए 50 किलो जिंक फॉस्फाइड मंगाया था। आरोपी करीब 30 हजार जहरीले कैप्सूल बनाने की तैयारी में था। जिंक फॉस्फाइड का इस्तेमाल चूहे मारने वाली दवा बनाने के लिए किया जाता है। फैयाज पुणे का रहने वाला है और पेंट का कारोबार करता है। डीसीपी जयंत मीणा ने बताया, 'पूछताछ में पता चला कि आरोपी मुहर्रम जुलूस को निशाना बनाना था। साल 2025 में ईरान और इराक गया था। इन यात्राओं का उद्देश्य क्या था और क्या इनका इस मामले से कोई संबंध है।



आरोपी फैयाज से बरामद किए गए कैप्सूल।

>> (शेष पेज 06 पर)

ऑफिस के बाहर दिनदहाड़े की थी वारदात, एसटीएफ ने घेरा तो कार्बाइन से फायरिंग की

# प्रॉपर्टी डीलर का हत्यारोपी एनकाउंटर में मारा गया

मुठभेड़

तमसा संकेत, एजेंसी


संजीव, मृतक बदमाश

लखनऊ। लखनऊ में प्रॉपर्टी डीलर संदीप सिंह हत्याकांड का मुख्य शूटर संजय उर्फ संजीव एनकाउंटर में मारा गया है। शनिवार तड़के 4 बजे पुलिस ने उसकी घेराबंदी की तो उसने STF पर कार्बाइन से फायरिंग कर दी। जवाबी फायरिंग में ढेर हो गया। मुठभेड़ इंदिरा कैनाल रोड पर हुई। संजीव ने 27 मई को दिनदहाड़े प्रॉपर्टी डीलर की हत्या की थी। प्रॉपर्टी डीलर अपने ऑफिस के सामने मोबाइल पर बात कर रहे थे, तभी संजय उर्फ संजीव ने उन पर ताबड़तोड़ गोलियां बरसा दी थीं। उस पर पुलिस ने एक लाख रुपए का इनाम घोषित किया था। एसटीएफ को मुखबिर से सूचना मिली कि संजीव लखनऊ में अपने किसी साथी से मिलने आने वाला है। किसी वारदात की योजना बना रहा है। इस पर तुरंत तीन टीमें बनाकर जाल बिछाया गया। सुबह करीब 3:50 बजे मुखबिर ने फैजाबाद रोड की ओर से आ रही एक बाइक की ओर इशारा कर बताया कि बाइक चलाने वाला शख्स संजीव है। पुलिस ने रुकने को कहा तो वह बाइक की रफ्तार बढ़ाकर किसान पथ की ओर भागने लगा। एसटीएफ टीम ने उसका पीछा किया। दूसरी टीम को आगे से घेरने के लिए कहा। करीब 2-3 किलोमीटर आगे घेराबंदी देखकर संजीव ने बाइक मोड़ने की कोशिश की, तभी बाइक फिसल गई। बदमाश झाड़ियों और दीवार की आड़ लेकर एसटीएफ टीम पर फायरिंग करने लगा।


हत्यारोपी संजीव ने इसी कार्बाइन से पुलिस पर फायरिंग की थी। एनकाउंटर के बाद पुलिस ने कार्बाइन बरामद कर ली है।

## खान मुबारक गैंग के लिए काम करता था, सुपारी लेकर प्रॉपर्टी डीलर की हत्या की

पुलिस के मुताबिक, संजीव अंबेडकरनगर के अहिरौली थाना क्षेत्र के चक कोदार गांव का रहने वाला था। उसके खिलाफ अंबेडकर-नगर, बस्ती, अयोध्या और लखनऊ समेत कई जिलों में मुकदमे दर्ज थे। वह अंबेडकरनगर, बस्ती, गोंडा और अयोध्या में सक्रिय बदमाश दिलीप वर्मा और खान मुबारक की गैंग का शार्प शूटर रह चुका है। हत्या के एक मामले में वह करीब 12 साल जेल में रहा और 2023 में रिहा हुआ। इसके बाद उसने सुपारी लेकर 27 मई को लखनऊ में बिल्डर संदीप सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी।

## एनकाउंटर की सूचना मिलते ही पत्नी का रो-रोकर बुरा हाल

पुलिस ने संजीव के गांव पहुंचकर उसके एनकाउंटर की सूचना परिवार को दी। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। संजीव पांच भाइयों में दूसरे नंबर पर था। बाकी भाई मजदूरी करते हैं। मां की मौत हो चुकी है। पिता बीमार रहते हैं। परिवार में पत्नी, तीन बेटे और एक बेटी है। एक बेटा सिलाई का काम करता है। बाकी पढ़ाई करते हैं।

# डंपर और टैक्सी की भीषण टक्कर

ड्राइवर को वाहन काटकर निकाला, हालत गंभीर

तमसा संकेत, एजेंसी



दुबग्गा। लखनऊ के काकोरी में मोहान रोड स्थित घुरघुरी का तालाब चौकी क्षेत्र में शनिवार दोपहर करीब डेढ़ बजे को एक भीषण सड़क हादसा हुआ। लखनऊ नगर निगम के डंपर (UP 32 NN 6897) और एक टैक्सी (UP 32 QN 7489) के बीच हुई यह टक्कर पानखेड़ा प्राथमिक विद्यालय के सामने हुई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि टैक्सी का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और चालक वाहन में बुरी तरह फंस गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस और राहत टीम को सूचना दी। काफी मशक्कत के बाद टैक्सी को काटकर चालक को बाहर निकाला गया। घायल चालक की पहचान उन्नाव के सोहरामऊ निवासी प्रभात पुत्र गजानाथ के रूप में हुई है, जिसे गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया। काकोरी थाना प्रभारी सतीश चंद्र राठौर ने कहा-बताया गया है कि हादसे के समय टैक्सी में कई यात्री भी सवार थे। सभी यात्री बाल-बाल बच गए। उन्हें मामूली चोटें आईं, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। यदि टक्कर का प्रभाव अधिक होता, तो जनहानि भी हो सकती थी। दुर्घटना के कारण कुछ देर के लिए मोहान रोड पर यातायात प्रभावित रहा।

फास्ट न्यूज

## जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों के लिए वैज्ञानिक रणनीति जरूरी

लखनऊ । केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान गुरुवार को लखनऊ पहुंचे। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उपमुख्यमंत्री, कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही और ग्रामीण विकास विभाग के अधिकारियों के साथ कृषि एवं ग्रामीण विकास से जुड़े मुद्दों पर व्यापक चर्चा की।

## 06 जुलाई 2026 को होगी राज्य परिवहन प्राधिकरण

लखनऊ। राज्य परिवहन प्राधिकरण, उत्तर प्रदेश की बैठक 06 जुलाई 2026 को पूर्वान्ह 11.00 बजे से कार्यालय परिवहन आयुक्त, उत्तर प्रदेश, टेहरी कोठी, महात्मा गांधी मार्ग, लखनऊ में सम्पन्न होगी। यह जानकारी देते हुए सचिव, राज्य परिवहन प्राधिकरण, उत्तर प्रदेश ने बताया कि उक्त बैठक में परमिटों के नवीनीकरण एवं हस्तान्तरण हेतु प्रस्तुत आवेदन पत्रों, नये परमिटों के आवेदन पत्रों, मोटर यान अधिनियम, 1988 की धारा-86 के अंतर्गत परमिटों को निरस्त/ निलम्बित करने की कार्यवाही एवं अन्य तात्कालिक प्रकरणों पर विचार किया जायेगा।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से सुपरवाइजर की मौत

लखनऊ । लखनऊ के सरोजनी नगर थाना क्षेत्र में गुरुवार सुबह एक अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच में जुट गई है। मुकेश प्राइवेट कंपनी में सुपरवाइजर के तौर पर काम करते थे। मुकेश गौतम मूल रूप से सिद्धार्थनगर जिले के खजुरिया सरकी गांव के रहने वाले थे।

## 01 जुलाई से लागू होगी विकसित भारत-जी राम जी योजना

उत्तर प्रदेश में योजना के शुभारंभ की जोरदार तैयारियां

तमसा संकेत, एजेंसी



लखनऊ। उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि "विकसित भारत- गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) अधिनियम, 2025 (VB–GRAM G)" ग्रामीण भारत के विकास और आत्मनिर्भर गांवों के निर्माण की दिशा में ऐतिहासिक पहल है। यह अधिनियम ग्रामीण परिवारों को रोजगार के अधिक अवसर उपलब्ध कराएगा, उनकी आय सुरक्षा को सुदृढ़ करेगा तथा गांवों की अर्थव्यवस्था को नई मजबूती प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि 01 जुलाई, 2026 से लागू होने वाली इस योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए उत्तर प्रदेश सरकार, ग्राम्य विकास विभाग द्वारा व्यापक तैयारियाँ की जा रही हैं। योजना के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार सृजन को बढ़ावा मिलेगा और प्रत्येक ग्रामीण परिवार को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने का कार्य किया जाएगा। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्रामीण विकास के सशक्त संकल्प के साथ उत्तर प्रदेश निरंतर आत्मनिर्भर और समृद्ध गांवों के निर्माण की दिशा में आगे बढ़ रहा है। अब ग्रामीण परिवारों को आजीविका के अधिक अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से रोजगार की गारंटी अवधि को 100 दिनों से बढ़ाकर 125 दिन किया गया है। यह निर्णय ग्रामीण श्रमिकों की आय वृद्धि, स्थानीय स्तर पर आर्थिक गतिविधियों के विस्तार और गांवों के समग्र विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

कोचिंग के हॉस्टल की 5वीं मंजिल से गिरा, पिता बोले- सेना जॉइन करना चाहता था

# जन्मदिन से 3 दिन पहले छात्र की मौत

तमसा संकेत, एजेंसी


रोहित शर्मा, मृतक

सरोजनी नगर, लखनऊ। लखनऊ के बंथरा थाना क्षेत्र स्थित एक डिफेंस की कोचिंग के हॉस्टल में एक छात्र की मौत हो गई। वह यहां रहकर NDA की तैयारी कर रहा था। मौत की सूचना पाकर उसके पिता हाथरस से लखनऊ पहुंचे। उन्होंने आरोप लगाया कि उनके बेटे की जान कोचिंग संचालकों की लापरवाही से गई। बेटा पहली मंजिल पर रहता था। वह 5वीं मंजिल पर गया कैसे? एकेडमी के संचालकों की लापरवाही ने बेटे की जान ली। बेटा काफी देर तक तड़पता पड़ा रहा लेकिन कोई नहीं पहुंचा। मृतक छात्र रोहित शर्मा (16) हाथरस के मुरसान गेट के रहने वाले हरीश शर्मा का बड़ा बेटा था। हरीश, कासगंज में विकास भवन में सहायक लेखा अधिकारी पद पर तैनात हैं। उन्होंने बताया कि शुक्रवार रात 10:15 बजे बेटे के दोस्तों ने फोन पर बताया कि वह छत से गिर गया है। कुछ देर बाद बताया कि अस्पताल में उसकी मौत हो गई है। हमारे बेटे का 1 जुलाई को जन्मदिन था। मृतक छात्र के पिता हरीश शर्मा ने CCTV फुटेज से मामले की जांच करने के साथ मोबाइल की भी कॉल डिटेल जांच की मांग की है।

## चप्पल गायब, मोबाइल फोन कमरे में मिला

वह फर्स्ट फ्लोर पर रहता था, लेकिन पांचवीं मंजिल पर क्या करने और क्यों गया? उसकी चप्पल वहां पर नहीं मिली। मोबाइल फोन कमरे में मिला। अगर वह 3 मंजिल छोड़कर 5वीं मंजिल पर घूमने भी गया होता तो अपना फोन तो लेकर गया ही होता। वह नीचे गिरा, इसकी CCTV फुटेज मिली है। लेकिन, वह ऊपर तक गया कैसे, इसकी फुटेज नहीं मिली।

## दोस्तों के साथ बर्थडे मनाने के लिए मांगे थे पैसे

मृतक के पिता हरीश शर्मा ने बताया- रोहित ने 2 दिन पहले अपने दोस्तों के साथ बर्थडे मनाने का प्लान बताते हुए कुछ पैसे मांगे थे। तब मैंने उसे 500 रुपए ऑनलाइन भेज दिए थे। उसे बर्थडे से पहले कुछ और रुपए भेजने को कहा था। रोहित को पांचवीं मंजिल से गिरने को बताया जा रहा है, उस छत पर निर्माण का कार्य चल रहा है। छत पर चारों तरफ बाउंड्री वॉल या रेलिंग नहीं लगी हुई है।


हॉस्टल बड़े परिसर में बना है। यहां टारगेट डिफेंस एकेडमी नाम की कोचिंग भी चलती है। छात्र के पिता ने पांचवीं मंजिल और पुलिस ने तीसरी मंजिल से गिरकर मौत की बात कही है।

## साथी छात्र दौड़कर पहुंचे, संचालकों को जानकारी दी

बेटा गिरने के बाद काफी देर तक नीचे जमीन पर पड़ा रहा और उस दौरान हॉस्टल प्रबंधन स्टाफ का कोई भी व्यक्ति वहां नहीं पहुंचा। बेटे के गिरने की आवाज सुनकर उसके साथ रहने वाले छात्रों ने बाहर जाकर देखा, तब इसकी जानकारी प्रबंधन को दी। उसके बाद उसे अपोलो अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई।

आईटी, हेल्थकेयर, इलेक्ट्रॉनिक्स, एग्रीकल्चर समेत प्रमुख सेक्टर्स में मिलेगा प्रशिक्षण

# योगी सरकार के 'प्रोजेक्ट प्रवीण' से संवरेगा युवाओं का कल : कपिल देव

प्रतिबद्धता

- वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए 36,103 युवाओं का प्रशिक्षण लक्ष्य जारी
- 15 जुलाई 2026 से शुरू होंगी कक्षाएं, बैच में अधिकतम 35 प्रशिक्षणार्थी

तमसा संकेत, संवाददाता



लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश सरकार युवाओं को स्वावलंबी और आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही है। प्रदेश के माध्यमिक विद्यालयों के छात्र-छात्राओं को पढ़ाई के साथ-साथ रोजगारपरक कौशल से जोड़ने की मुहिम तेज हो गई है। इसी क्रम में उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-27 में प्रोजेक्ट प्रवीण के अन्तर्गत अल्पकालीन कौशल प्रशिक्षण (STT) के लिए लक्ष्य आवंटित कर दिए गए हैं। प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने बताया कि योगी सरकार का मुख्य ध्येय है कि प्रदेश का कोई भी युवा हुनर से वंचित न रहे। 'प्रोजेक्ट प्रवीण' के जरिए हम राजकीय माध्यमिक विद्यालयों के विद्यार्थियों को पारंपरिक शिक्षा के साथ-साथ तकनीकी और व्यावसायिक क्षेत्रों में मजबूत कर रहे हैं। इस योजना के तहत आईटी (IT-ITES), हेल्थकेयर, इलेक्ट्रॉनिक्स, अपैरल, ब्यूटी एंड वेलनेस और कृषि जैसे महत्वपूर्ण सेक्टर्स में प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए प्रत्येक बैच में अधिकतम 35 प्रशिक्षणार्थियों की सीमा तय की गई है। इससे बच्चों को प्रयोगात्मक और व्यावहारिक ज्ञान बेहतर ढंग से मिल सकेगा। इस वर्ष प्रोजेक्ट प्रवीण के तहत प्रदेश भर में कुल 36,103 प्रशिक्षणार्थियों को कौशल प्रशिक्षण देने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किया गया है।


उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों जैसे आगरा, बरेली, आजमगढ़, ललितपुर, वाराणसी, रामपुर, शाहजहांपुर, जालौन और सोनभद्र सहित राज्य के राजकीय विद्यालयों में सूचीबद्ध प्रशिक्षण प्रदाताओं (TPs) को यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। प्रमुख सेक्टर्स में IT-ITES, हेल्थकेयर, अपैरल, इलेक्ट्रॉनिक्स, ब्यूटी एंड वेलनेस, मैनेजमेंट, ग्रीन जॉब्स और एग्रीकल्चर शामिल हैं। पाठ्यक्रम की अधिकतम अवधि 300 घंटे होगी।

## सीतापुर की लड़की का शव मिला

मोहनलालगंज। गोसाईंगंज थाना क्षेत्र के सराय करौरा गांव में शनिवार सुबह सीतापुर की 16 वर्षीय किशोरी का शव तालाब में उतराता दिखा। पुलिस ने सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचकर शव को बाहर निकलवाया और पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। मृतका की पहचान सीतापुर के सुभाष नगर निवासी आम्रपाली गौतम (16) के रूप में हुई है। वह लगभग 12-13 दिन पहले अपनी बुआ लक्ष्मी देवी के घर गर्मी की छुट्टियां बिताने आई थी। उसकी बुआ किराये के मकान में रहती हैं। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि किशोरी शुक्रवार देर रात करीब 1 बजे अपने घर से निकली थी। घर में लगे सीसीटीवी कैमरों में उसे तालाब की ओर जाते हुए देखा गया। परिजनों ने बताया कि आम्रपाली कक्षा 9 की छात्रा थी। उसके पिता का निधन कई साल पहले हो चुका है। परिवार में उसकी मां रेखा देवी और भाई-बहन पुष्पेंद्र, आकांक्षी और अनामिका हैं। पुलिस ने शव का पोस्टमॉर्टम कराने के बाद उसे परिजनों को सौंप दिया है।

## डिजिटल गोल्ड ट्रेडिंग के नाम पर 3.27 करोड़ की ठगी

तमसा संकेत, एजेंसी



युवती ने फेसबुक पर ठेकेदार से दोस्ती की, लोन दिलवाकर कराए निवेश

लखनऊ । लखनऊ में एक ठेकेदार से फेसबुक पर दोस्ती कर डिजिटल गोल्ड ट्रेडिंग में मुनाफे का झांसा देकर 3.27 करोड़ रुपए की साइबर ठगी कर ली गई। पीड़ित ने महिला समेत 4 लोगों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। अलीगंज के सेक्टर-एन निवासी दीपक अग्रवाल ने पुलिस से की शिकायत में बताया वह श्री इंटरप्राइजेज के प्रोपराइटर हैं और जल निगम के ठेके लेकर ट्यूबवेल स्थापना व पानी की टंकियों का निर्माण कराते हैं। साल 2025 में कारोबार में काफी नुकसान हो रहा था। इस दौरान अक्टूबर में फेसबुक पर रीना अग्रवाल नाम की महिला से संपर्क हुआ। बाद में उसने अपना नाम स्वीटी अहलावत बताया और खुद को अमेरिका स्थित डिजिटल गोल्ड मिरेकल (DGM) कंपनी में मार्केटिंग मैनेजर एवं एडवाइजर बताया। पिता को बीएसएफ में अधिकारी बताया। तीनों ने ट्रेडिंग में कभी नुकसान न होने और मोटे मुनाफे का भरोसा दिलाकर 25 नवंबर 2025 को डीजीएम में उनका अकाउंट खुलवाया। शुरुआत में 40 हजार रुपए जमा कराने के बाद लगातार निवेश कराया गया। दीपक का आरोप है कि ट्रेडिंग अकाउंट में प्रॉफिट सहित 10.23 लाख अमेरिकी डॉलर दिखाए गए, लेकिन रकम इंडियन एकाउंट में ट्रांसफर करने के लिए, आयकर, स्टांप ड्यूटी और सेटलमेंट टैक्स के नाम पर करीब 3.5 करोड़ रुपए जमा करने की शर्त रख दी गई।

दुर्घटना : शरबत बांटते समय घर का छज्जा अचानक ढहा, 4 बच्चों समेत 8 लोग दबे


# मुहर्रम जुलूस में 2 बच्चों की मौत

तमसा संकेत, एजेंसी

बख्शी का तालाब। लखनऊ में मुहर्रम जुलूस के दौरान घर का छज्जा गिरने से 12-12 साल के 2 बच्चों की मौत हो गई। 4 बच्चों समेत 8 लोग मलबे में दब गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को नजदीकी अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों ने अली (12) और अरमान (12) मृत घोषित कर दिया। घायलों को शुरुआती इलाज के बाद केजीएमयू ट्रामा सेंटर और 100 शैय्या अस्पताल रेफर कर दिया। पुलिस के मुताबिक, 26 जून की रात में इलाके में मुहर्रम का जुलूस निकल रहा था। एक परिवार के लोग घर के बाहरी हिस्से में 6 फिट ऊंचे छज्जे पर बैठकर जुलूस में शामिल लोगों को शरबत बांट रहे थे। रात 10:15 बजे छज्जा भराभराकर गिर गया। मौके पर अफरा-तफरी मच गई। 10 लोग मलबे में बद गए। चीख-पुकार के बीच जुलूस में शामिल लोगों ने पुलिस को सूचना दी। मलबा हटाकर लोगों को बाहर निकालने लगे। पुलिस पहुंची तो एम्बुलेंस से घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। मौके पर हालात को काबू में कर जुलूस को आगे बढ़ाया गया। घटना इटौंजा थाना क्षेत्र के मोहना में पखरिया मोहल्ले की है। हादसे में नीचे खड़े अली (12) पुत्र कासिम और अरमान (12) पुत्र इमरान की मौत हो गई। दोनों मोहना के ही रहने वाले थे। अजमल (7) पुत्र जक्की, जियान (3), सना (30) पत्नी शरीफ, मोहम्मद हसीब (42) पुत्र सफीक और जियाउल (30) पुत्र हामिद गंभीर रूप से घायल हो गए। रूसीदा पुत्री लियाकत की हालत गंभीर बनी हुई है।


अली, मृतक

पुलिस के मुताबिक, पखरिया मोहल्ले में रहने वाले मुश्ताक (40) अपने घर के छज्जे पर खड़े होकर परिवार के साथ मुहर्रम जुलूस में शामिल लोगों को शरबत बांट रहे थे। शरबत लेने की होड़ में कई लोग छज्जे से लट गए। इससे बालकनी भरभराकर गिर गई। कई लोग उसके नीचे दब गए।


पुलिस अफसरों ने मौके पर पहुंचकर छानबीन की। आसपास के लोगों से पूछताछ की।

## 'मेरे बहनोई भी घायल हुए हैं'


अबरार ने बताया- शरबत बंट रहा था। भीड़ बढ़ गई थी। इस दौरान छज्जा गिर गया। कई लोग घायल हो गए। उसमें मेरे बहनोई हसीब भी गंभीर रूप से घायल हुए हैं। उनका उपचार चल रहा है। सुमैया ने बताया- बच्चों को लेकर शरबत लेने गई थी। इस दौरान छज्जा गिर गया। मेरा बेटा जियान और पति हसीब गंभीर रूप से घायल हो गए। दाऊद (12) और अब्दुल वजूद (10) पुत्र शादाब को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। गनीमत रही कि हादसे में छज्जे के ऊपर खड़े परिवार को मामूली चोटें ही आईं। वरना हादसा बड़ा हो सकता था।

अलीगंज अग्निकांड वाली इमारत की सफाई करने पहुंची नगर निगम की टीम

# एलडीए ने दस कोचिंग सील की


टीम ने क्षतिग्रस्त हिस्से को हटाने और आसपास के क्षेत्र को सुरक्षित बनाने का काम शुरू कर दिया है। प्रशासन का कहना है कि हादसे के बाद पूरी इमारत की तकनीकी जांच भी कराई जा रही है।

तमसा संकेत, एजेंसी



लखनऊ। लखनऊ के अलीगंज अग्निकांड के बाद अवैध व्यावसायिक गतिविधियों के खिलाफ लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) का अभियान शनिवार को तीसरे दिन भी जारी रहा। सुबह से शुरू हुई कार्रवाई में दोपहर तक शहर के अलग-अलग इलाकों में संचालित 10 अवैध कोचिंग संस्थानों को सील कर दिया गया। वहीं, दोपहर बाद नगर निगम की टीम अलीगंज अग्निकांड वाली बिल्डिंग को साफ करने पहुंची है। टीम बिल्डिंग के अंदर से जल चुके मलबे को हटाने का काम कर रही है। नगर निगम की टीम बिल्डिंग के अंदर के मलबे को हटा रही है। नगर निगम की टीम बिल्डिंग के अंदर के मलबे को हटा रही है। एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार के निर्देश पर चल रहे इस विशेष अभियान के तहत कोचिंग सेंटर, लाइब्रेरी, होटल, नर्सिंग होम, डांस स्टूडियो, प्ले ग्रुप स्कूल और व्यावसायिक कॉम्प्लेक्स की जांच लगातार की जा रही है। अधिकारियों का कहना है कि जिन भवनों में मानकों का उल्लंघन मिलेगा, वहां बिना किसी ढिलाई के सीलिंग और नोटिस की कार्रवाई की जाएगी। इससे पहले अभियान के दूसरे दिन शहरभर में 71 प्रतिष्ठानों को सील किया गया था, जबकि 83 भवन मालिकों और संचालकों को नोटिस जारी किए गए थे। उधर, अलीगंज में जिस इमारत में भीषण आग लगने से बड़ा हादसा हुआ था, वहां शनिवार को नगर निगम की टीम मलबा हटाने और भवन की सफाई के लिए पहुंची।

# सपा महिला सांसद-विधायक मीटिंग में भिड़े

## एमएलए ने कहा- तमीज से बात करिए, सांसद पति बोले- अखिलेश से शिकायत करेंगे

**विवाद**

**तमसा संकेत, एजेंसी**

बांदा। यूपी के बांदा में सपा की बैठक में सांसद कृष्णा देवी और विधायक विशंभर यादव के बीच हॉट टॉक हो गई। सपा विधायक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे, तभी सपा सांसद अचानक भड़क गईं। उन्होंने गुस्से में कहा- आपको सिर्फ बेइज्जती करना आता है। हम अखिलेश भैया से भी कह चुके हैं कि हमारे साथ जो हो रहा है, वह विधायक कर रहे हैं और कोई नहीं कर रहा। इस पर सपा विधायक भी नाराज हो गए। उन्होंने उंगली दिखाते हुए कहा- सुनिए, तमीज से बात करिए। बदतमीजी मत करिए। मैंने आपका नाम नहीं लिया है। इसके बाद दोनों नेताओं में कहासुनी हो गई। सपा कार्यकर्ताओं ने किसी



तरह विधायक और सांसद को समझाया। करीब 20 मिनट तक गहमागहमी का माहौल रहा। 52 साल की कृष्णा देवी ने लखनऊ से इंटरमीडिएट किया है।

2024 के लोकसभा चुनाव में सपा ने पहले उनके पति को टिकट दिया था। बाद में टिकट काटकर कृष्णा देवी पटेल को चुनाव में उतारा।

कृष्णा देवी ने भाजपा के तत्कालीन सांसद आरके सिंह पटेल को 71,210 मतों से हराकर जीत दर्ज की। पति शिवशंकर पटेल पुराने भाजपाई रहे हैं और तीन बार

> **इस मामले पर विधायक विशंभर यादव ने सफाई दी है। उन्होंने कहा- मैं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के बारे में टिप्पणी कर रहा था। सांसद ने यह समझ लिया कि मैं उनके बारे में बोल रहा हूं। इससे वह नाराज हो गईं।**

विधायक रह चुके हैं। 70 साल के विशंभर यादव 1980 से सपा से जुड़े।vपोस्ट ग्रेजुएट और LLB हैं। 1980 में डीएवी कॉलेज, कानपुर के छात्र संघ अध्यक्ष रह चुके। 1981 में कानपुर विश्वविद्यालय के छात्र संघ अध्यक्ष चुने गए थे। 1981 में युवा लोकदल के राष्ट्रीय सचिव रहे। 1985 में सपा के प्रदेश संगठन मंत्री रहे। बबेरू विधानसभा से 2007 और 2012 में सपा के टिकट पर विधायक बने। हालांकि, 2017 का चुनाव हार गए।



### सांसद के पति बोले- अखिलेश यादव के सामने अपनी बात रखेंगे

सांसद कृष्णा देवी पटेल के पति और पूर्व मंत्री शिवशंकर सिंह पटेल ने कहा- यह पार्टी का आंतरिक मामला है। फिलहाल वह इस विवाद पर कोई टिप्पणी नहीं करेंगे। बैठक में जो कुछ भी हुआ और जो बातें कही गईं। पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव के सामने अपनी बात रखेंगे। इसके बाद 2022 में भाजपा के अजय पटेल को हराकर तीसरी बार विधायक बने।

## मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना में अतिथि व्याख्याता भर्ती

हरदोई। हरदोई में मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के तहत प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराने के लिए अतिथि व्याख्याताओं का चयन किया जाएगा। इच्छुक एवं योग्य अभ्यर्थी 5 जुलाई 2026 तक आवेदन कर सकते हैं। जिला समाज कल्याण अधिकारी अवनीश कुमार ने बताया कि शासन के निर्देश पर समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित प्रशिक्षण केंद्रों में अध्यापन कार्य के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। चयन जिला स्तरीय विशेषज्ञ चयन समिति की अनुशंसा पर ट्रायल लेक्चर के माध्यम से होगा। प्रत्येक विषय के लिए दो अतिथि व्याख्याताओं का चयन किया जाएगा, जिन्हें परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केंद्रों में विषयवार सूचीबद्ध किया जाएगा। चयनित बाहरी विशेषज्ञों और व्याख्याताओं को प्रति व्याख्यान 2,000 रुपये का मानदेय दिया जाएगा। वहीं, सेवारत सरकारी कर्मचारियों को प्रति सत्र 500 रुपये का भुगतान किया जाएगा।

# 10 दिनों से बंद कोचिंग सेंटर में चोरी

## 15 हजार की नगदी, इन्वर्टर बैटरी, लैपटॉप और एलईडी ले उड़े चोर

**तमसा संकेत, एजेंसी**

सीतापुर। सीतापुर के महोली कोतवाली क्षेत्र में शुक्रवार रात चोरों ने एक डिजिटल लाइब्रेरी एवं कोचिंग सेंटर को निशाना बनाते हुए नकदी सहित हजारों रुपये के इलेक्ट्रॉनिक सामान पर हाथ साफ कर दिया। घटना की जानकारी शनिवार सुबह करीब 10 बजे हुई जब संचालक लाइब्रेरी खोलने पहुंचे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम देवरिया निवासी अमन शुक्ला पुत्र नवल किशोर शुक्ला की अदौरी मार्ग पर किराए के भवन में बालाजी डिजिटल लाइब्रेरी संचालित है। संचालक के मुताबिक लाइब्रेरी पिछले करीब 10 दिनों से बंद थी। इसी का फायदा उठाते हुए शुक्रवार देर रात करीब दो से तीन बजे के



बीच अज्ञात चोर मुख्य गेट का ताला तोड़कर अंदर घुस गए। चोरों ने लाइब्रेरी में रखी चार इन्वर्टर बैटरियां, एक एलईडी टीवी, सीसीटीवी कैमरे का डीवीआर, एक लैपटॉप, गैस सिलेंडर तथा अन्य सामान चोरी कर लिया। इसके अलावा रैक तोड़कर उसमें रखी करीब 15 हजार रुपये की नकदी भी अपने साथ ले गए। सुबह जब संचालक मौके पर पहुंचे तो मुख्य गेट का ताला टूटा मिला और अंदर का सामान बिखरा पड़ा था। चोरी का पता चलते ही उन्होंने तत्काल पुलिस को सूचना दी।

**फास्ट न्यूज**

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार महिला की मौत

हरदोई। हरदोई में एक सड़क हादसे में एक महिला की मौत हो गई, जबकि उसके पति और पुत्र घायल हो गए। यह घटना लखनऊ-पलिया राष्ट्रीय राजमार्ग पर कछौना कस्बे के पास शुक्रवार देर शाम हुई।
डॉक्टर ने महिला को रात 8:40 बजे मृत घोषित कर दिया। वह अपने पति कमलेश (राजमिस्त्री) और 6 वर्षीय पुत्र शुभम के साथ कासिमपुर थाना क्षेत्र के घुघेरा गांव स्थित अपने मायके से ताजिया देखकर वापस लौट रही थीं।

### पल्स पोलियो जागरूकता रैली निकाली गईं

हरदोई। हरदोई में राष्ट्रीय पल्स पोलियो प्रतिरक्षण अभियान की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। यह अभियान 28 जून से 6 जुलाई तक चलेगा। अभियान की सफलता सुनिश्चित करने के लिए 27 जून को गांधी भवन परिसर से एक विशाल जागरूकता रैली निकाली गई। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. भवनाथ पांडेय ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस रैली में आशा कार्यकर्ता, आशा संगिनी, एएनएम और अन्य स्वास्थ्य कर्मियों ने भाग लिया। उन्होंने नारों के माध्यम से लोगों को 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने के लिए जागरूक किया।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

उन्नाव। उन्नाव के पुरवा थाना क्षेत्र में शुक्रवार रात एक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। हुलसी खेड़ा गांव के पास अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी, जिससे युवक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मृतक की पहचान बिहार थाना क्षेत्र के पनहन गांव निवासी 32 वर्षीय सोनू कुमार पुत्र राजकुमार के रूप में हुई है।

# उन्नाव में हैंडपंप और वाटर कूलर तोड़ने का आरोप

## 9 नामजद समेत अन्य पर शिकायत, नगर पंचायत ने की कार्रवाई की मांग

**तमसा संकेत, एजेंसी**

उन्नाव। उन्नाव में भीषण गर्मी के बीच सफीपुर नगर पंचायत की पेयजल व्यवस्था को नुकसान पहुंचाने का मामला सामने आया है। नगर पंचायत सफीपुर के अधिशासी अधिकारी ने कोतवाली सफीपुर में शिकायत दर्ज कराई है। आरोप है कि मोहल्ला जुगियाना में लगे इंडिया मार्का हैंडपंप का बोर और वाटर कूलर कुछ लोगों द्वारा क्षतिग्रस्त कर दिया गया है। शिकायत में बताया गया है कि शनिवार सुबह कुछ लोगों ने इसे तोड़ दिया, जिससे स्थानीय लोगों के सामने पेयजल की समस्या खड़ी हो गई है। घटना से संबंधित एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। नगर पंचायत कर्मचारियों ने मौके का निरीक्षण कर




स्थानीय लोगों से जानकारी ली और वीडियो साक्ष्य भी प्राप्त किया। शिकायती पत्र में समशाद पुत्र जहूर, बब्लू पुत्र जहूर, समीर पुत्र समशाद, मुकर्रम अली पुत्र जहूर, निसार पुत्र जहूर, मोहम्मद आजम पुत्र निसार, शाहिद पुत्र निसार, सरफराज पुत्र निसार और मारूफ पुत्र समशाद सहित अन्य लोगों के नाम बताए गए हैं। आरोप है कि इन लोगों ने हैंडपंप के बोर में ईंटें डालकर उसे खराब कर दिया और वाटर कूलर की जाली व अन्य हिस्सों को भी क्षतिग्रस्त किया। अधिशासी अधिकारी ने पुलिस से मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई करने की मांग की है। साथ ही, सरकारी संपत्ति को हुए नुकसान की भरपाई कराने की भी अपील की गई है, ताकि खराब हुई पेयजल व्यवस्था को जल्द से जल्द सुचारु किया जा सके।

# रेलवे ट्रैक पर घायल मिले युवक की मौत

## गुजरात जा रहा था, लखनऊ में इलाज के दौरान दम तोड़ा

**तमसा संकेत, एजेंसी**

उन्नाव। जनपद के सदर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत कारोवन मोड़ के पास रेलवे ट्रैक पर गंभीर रूप से घायल अवस्था में मिले एक युवक की इलाज के दौरान लखनऊ में मौत हो गई। यह घटना बुधवार की बताई जा रही है, जब रेलवे ट्रैक के बीच एक युवक को गंभीर रूप से घायल हालत में पाया गया था। स्थानीय लोगों की सूचना पर रेलवे पुलिस (आरपी-एफ) मौके पर पहुंची और घायल को तत्काल जिला अस्पताल उन्नाव में भर्ती कराया गया, जहां उसकी हालत नाजुक देखते हुए उसे लखनऊ रेफर कर दिया गया था। जानकारी के अनुसार, मृतक युवक की पहचान हसनगंज थाना क्षेत्र के पिलखाना रसीदपुर निवासी रवि (23 वर्ष) पुत्र अयोध्या प्रसाद के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि आरपीएफ पुलिस ने बुधवार को रेलवे क्रॉसिंग के समीप ट्रैक के बीच उसे गंभीर रूप से घायल



अवस्था में पाया था। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उसकी हालत गंभीर देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए लखनऊ भेज दिया था। लखनऊ के एक अस्पताल में शुक्रवार देर रात उपचार के दौरान रवि ने दम तोड़ दिया। डॉक्टरों के मुताबिक, युवक के सिर में गंभीर चोटें आई थीं, जिसके कारण उसकी स्थिति लगातार बिगड़ती गई और उसे बचाया नहीं जा सका। शनिवार को मृतक के शव का उन्नाव मोर्चरी में पोस्टमार्टम कराया गया। इस दौरान

> **सुजीत कुमार के अनुसार, बुधवार रात करीब 12 से 1 बजे के बीच रवि के साथ क्या हुआ, इसकी जानकारी नहीं मिल सकी है। परिजनों को गुरुवार सुबह करीब छह बजे घटना की सूचना मिली। परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण मृतक के मामा ने सरकार से आर्थिक सहायता की मांग की है। रवि के परिवार में तीन भाई और एक बहन हैं। युवक की मौत से परिवार में मातम पसरा हुआ है। शनिवार को पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था।**

परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल रहा। मृतक के मामा सुजीत कुमार ने बताया कि रवि काम के सिलसिले में गुजरात जाने की तैयारी कर रहा था और बुधवार को वह लखनऊ के चारबाग रेलवे स्टेशन पहुंचा था। फिलहाल युवक की मौत किन परिस्थितियों में हुई, यह स्पष्ट नहीं हो सका है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है और सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच की जा रही है। घटना के बाद इलाके में शोक का माहौल है और परिवार न्याय की मांग कर रहा है।

## शादी का झांसा देकर भगाने का आरोप, 3 भाइयों पर केस

# युवती 5 लाख नकदी और जेवर लेकर लापता

**तमसा संकेत, एजेंसी**

हरदोई। जनपद के बेहटा गोकुल थाना क्षेत्र में एक 20 वर्षीय युवती के घर से अचानक लापता होने का मामला सामने आया है। परिजनों ने आरोप लगाया है कि युवती घर में रखे लाखों रुपये के जेवरात और करीब 5 लाख रुपये नकद लेकर चली गई है। घटना के बाद परिवार में हड़कंप मच गया और मामले की शिकायत पुलिस से की गई। पीड़ित पिता के अनुसार, 25 जून की सुबह लगभग 4 बजे उनकी बेटी बिना किसी को बताए घर से चली गई। काफी देर तक वापस न लौटने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिला। परिजनों का आरोप है कि




युवती घर में रखे दो बहुओं के सोने-चांदी के कीमती जेवरात और परिवार में होने वाली शादी के लिए रखे गए करीब 5 लाख रुपये नकद भी अपने साथ ले गई। थाना प्रभारी एम. सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर तीनों आरोपियों के खिलाफ शादी का झांसा देकर भगाने सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। पुलिस ने बताया कि युवती की बरामदगी और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए सर्विलांस और स्थानीय मुखबिरों की मदद ली जा रही है। पुलिस लगातार दबिश दे रही है और जल्द ही मामले के खुलासे की संभावना जताई जा रही है।इस घटना से परिवार को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है।

### पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा, जांच शुरू

थाना प्रभारी एम. सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर तीनों आरोपियों के खिलाफ शादी का झांसा देकर भगाने सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। पुलिस ने बताया कि युवती की बरामदगी और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए सर्विलांस और स्थानीय मुखबिरों की मदद ली जा रही है। पुलिस लगातार दबिश दे रही है और जल्द ही मामले के खुलासे की संभावना जताई जा रही है।

### तीन सगे भाइयों पर बहला-फुसलाकर भगाने का आरोप

परिजनों ने गांव में जानकारी जुटाने के बाद आरोप लगाया कि युवती को गांव निवासी शेर बहादुर, उसके दो भाइयों भीमसेन और मुनेश ने मिलकर बहला-फुसलाकर अपने साथ भगा लिया है। इसके बाद पीड़ित परिवार ने तीनों के खिलाफ नामजद तहरीर दी।

# रोड रोलर ने युवक को कुचला

## सड़क पार करते व्यक्ति को बचाने में हादसा, शिनाख्त के प्रयास जारी

**तमसा संकेत, एजेंसी**

सीतापुर। सीतापुर के सिधौली-महमूदाबाद मार्ग पर ईदगाह के निकट एक सड़क हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। सड़क पार कर रहे व्यक्ति को बचाने के प्रयास में एक मोटरसाइकिल सवार अनियंत्रित होकर गिर पड़ा, जिसके बाद सामने से आ रहे रोड रोलर ने उसे रौंद दिया। यह घटना सिधौली की ओर से आ रही बाइक के ईदगाह तिराहे के पास अनियंत्रित होने से हुई।

बाइक सवार ने सड़क पार कर रहे एक युवक को बचाने की कोशिश की, जिससे बाइक का संतुलन बिगड़ गया और वह सड़क पर गिर पड़ा। तभी महमूदाबाद की ओर से आ रहे एक रोड रोलर ने युवक को कुचल दिया। हादसे के बाद ईदगाह चौराहे पर अफरा-तफरी मच गई।



स्थानीय लोगों ने तत्काल पुलिस और 108 एंबुलेंस को सूचना दी। कोतवाली पुलिस सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची और घटना की जांच शुरू की। मौजूद लोगों ने बताया कि एंबुलेंस लगभग 40 मिनट तक घटनास्थल पर नहीं पहुंची। इसके बाद पुलिसकर्मियों ने वहां से गुजर रहे एक छोटा हाथी डाला वाहन की सहायता से घायल युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने युवक को मृत घोषित कर दिया। सिधौली पुलिस मृतक युवक की पहचान कराने का प्रयास कर रही है। पुलिस ने इस संबंध में अग्रिम विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

**निरीक्षण :** उन्नाव में शिवराजपुर-दबौली मार्ग प्रभावित, डीएम ने हकीकत देखी

# गंगा की मुख्य धारा से सड़क कटी

**तमसा संकेत, एजेंसी**

उन्नाव। जनपद में गंगा नदी की मुख्य धारा के कारण शिवराजपुर-दबौली मार्ग पर सड़क कटान की गंभीर स्थिति उत्पन्न हो गई है। लगातार तेज बहाव के चलते सड़क का एक हिस्सा बह जाने से इस मार्ग पर आवागमन बाधित हो गया है। शनिवार दोपहर करीब 12:30 बजे जिलाधिकारी घनश्याम मीना मौके पर पहुंचे और स्थिति का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों से मार्ग अवरोध, राहत एवं बचाव कार्यों की तैयारियों की विस्तृत जानकारी ली। यह कटान विकासखंड फतेहपुर-84 क्षेत्र के शिवराजपुर-दबौली मार्ग पर हुआ है। गंगा की तेज धारा के कारण सड़क का एक



बड़ा हिस्सा कटकर बह गया, जिससे स्थानीय लोगों की आवाजाही प्रभावित हो गई है। डीएम ने उपजिलाधिकारी बांगरमऊ को राजस्व टीम के माध्यम से प्रभावित होने वाले गांवों का सर्वे कराने के निर्देश दिए। साथ ही, संभावित प्रभावित परिवारों के लिए राहत शिविर, पेयजल, भोजन और अन्य जरूरी सुविधाओं की व्यवस्था समय पर सुनिश्चित करने को कहा।

### राहत शिविर और आपात व्यवस्था के निर्देश

डीएम ने संभावित प्रभावित परिवारों के लिए राहत शिविर, पेयजल, भोजन और अन्य आवश्यक सुविधाओं की समय पर व्यवस्था सुनिश्चित करने के आदेश दिए। साथ ही आपदा की स्थिति से निपटने के लिए पूरी तैयारी रखने को कहा।

### अधिकारियों को सतर्क रहने के निर्देश

निरीक्षण के दौरान डीएम ने उपजिलाधिकारी से स्थिति की जानकारी ली और संवेदनशील क्षेत्रों में लगातार निगरानी रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए सभी व्यवस्थाएं पूरी तरह तैयार रखी जाएं।

जिलाधिकारी ने चल रहे कटान रोकथाम कार्यों की भी समीक्षा की। उन्होंने बोल्डर से तटबंध निर्माण, सड़क की सुरक्षा और अन्य तकनीकी उपायों की जानकारी ली और इन्हें तेजी से लागू करने के निर्देश दिए।



### जलस्तर पर निगरानी बढ़ाने के निर्देश

उन्होंने अधिकारियों को गंगा के जलस्तर पर लगातार नजर रखने और संवेदनशील क्षेत्रों में नियमित निगरानी करने के निर्देश दिए। डीएम ने स्पष्ट कहा कि राहत एवं बचाव कार्यों में किसी भी तरह की देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उपजिलाधिकारी बांगरमऊ को प्रभावित गांवों का राजस्व टीम के माध्यम से सर्वे कराने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि भविष्य में किसी भी आपदा से प्रभावी ढंग से निपटा जा सके।

## बेसमेंट में चल रहे अस्पतालों पर सवाल

बाराबंकी। बाराबंकी के सिरौलीगौ-सपुर तहसील क्षेत्र के बदोसराय और रसूलपुर में बेसमेंट में संचालित कुछ अस्पतालों और डायग्नोस्टिक सेंटरों पर स्वास्थ्य और अग्नि सुरक्षा मानकों की अनदेखी के आरोप लगे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि इन संस्थानों में आवश्यक सुरक्षा व्यवस्थाओं के अभाव में मरीजों और उनके परिजनों की जान जोखिम में पड़ सकती है। स्थानीय लोगों के अनुसार, कई अस्पतालों और डायग्नोस्टिक सेंटरों में पर्याप्त वेंटिलेशन, आपातकालीन निकास मार्ग और अग्निशमन उपकरण जैसी अनिवार्य व्यवस्थाएं नहीं हैं। आरोप है कि किसी भी आपात स्थिति में यहां मौजूद मरीजों और कर्मचारियों की सुरक्षा गंभीर रूप से प्रभावित हो सकती है। स्थानीय निवासियों ने आरोप लगाया है कि संबंधित विभागों के कुछ अधिकारियों की कथित मिलीभगत के चलते नियमों की अनदेखी कर इन संस्थानों का संचालन किया जा रहा है। उन्होंने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

# शादीशुदा प्रेमी ने प्रेमिका के साथ लगाई फांसी

## पत्नी से होता था विवाद, 4 महीने पहले मायके चली गई थी

**तमसा संकेत, एजेंसी**

हरदोई। हरदोई के कछौना कोतवाली क्षेत्र के चौरा गांव में शनिवार सुबह एक प्रेमी युगल ने एक ही साड़ी से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतकों की पहचान चौरा गांव निवासी श्रवण कुमार (35) और बेनीगंज के मंगतपुरवा की कुंती (20) के रूप में हुई है। श्रवण कुमार की बहन की ससुराल बेनीगंज कोतवाली क्षेत्र के मंगतपुरवा में है। बहन के घर आने-जाने के दौरान ही श्रवण का संपर्क कुंती से हुआ, जिससे उनका प्रेम प्रसंग शुरू हो गया। श्रवण विवाहित था और जब उसकी पत्नी रीता को इस संबंध का पता चला तो घर में कलह होने लगी। विवाद के कारण रीता लगभग चार महीने पहले अपने मायके चली गई थी। 24 जून को श्रवण अपनी प्रेमिका कुंती से मिलने



उसके गांव मंगतपुरवा गया था। वहां कुंती के परिजनों ने दोनों को पकड़ लिया और कुंती को श्रवण के घर चौरा भेज दिया। इस मामले को सुलझाने के लिए एक पंचायत बुलाई गई थी, जिसमें श्रवण की पत्नी रीता को भी बुलाया गया था।

शनिवार सुबह दोनों के शव घर के अंदर एक ही फंदे से लटके पाए गए। घटना की सूचना मिलते ही अपर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी) सुबोध गौतम और क्षेत्राधिकारी (सीओ) प्रभा पटेल भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे।

# सम्पादकीय

## मादक पदार्थों की तस्करी



नशीले पदार्थों के तस्करों की गतिविधियों को देखते हुए गृह मंत्री अमित शाह ने नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस यानी एनडीपीएस एक्ट में संशोधन करने की जो जरूरत जताई, उसकी पूर्ति यथाशीघ्र की जानी चाहिए। उचित यह होगा कि राज्य सरकारें इस कानून में वांछित संशोधन के लिए सुझाव देने का काम तत्परता से करें, क्योंकि नशे के तस्करों से निपटने में उनका योगदान बहुत अहम है।

वे इससे भी परिचित हैं कि नशे के तस्कर एनडीपीएस एक्ट की किन खामियों का लाभ उठाते हैं। निःसंदेह नशा तस्करों के खिलाफ सख्ती बरती जा रही है, लेकिन यह भी एक तथ्य है कि उनके हौसले पस्त नहीं हो पा रहे हैं और इसका पता इससे चलता है कि नारकोटिक्स ब्यूरो एवं अन्य एजेंसियों की तमाम सक्रियता के बाद भी देश में बड़े पैमाने पर चोरी-छिपे मादक पदार्थ लाए जा रहे हैं।

देश के कुछ राज्यों और विशेष रूप से सीमावर्ती राज्यों में नशे के तस्करों की गतिविधियां कुछ ज्यादा ही देखने को मिल रही हैं। इनमें पंजाब के अतिरिक्त पूर्वोत्तर के राज्य प्रमुख हैं। भारत में विशेष रूप से पाकिस्तान, म्यांमार, ईरान आदि से बड़े पैमाने पर नशीले पदार्थ आ रहे हैं। यह भी देखने को मिल रहा है कि पिछले कुछ समय से देश में भी नशीले पदार्थों का चोरी-छिपे निर्माण किया जा रहा है। निःसंदेह यह भी एक चुनौती है।

देश में किस तरह नशीले पदार्थों की आवक बढ़ रही है, इसका पता इससे चलता है कि जहां वर्ष 2004 से 2014 के बीच 26 लाख किलो सिंथेटिक मादक पदार्थ जब्त किए गए, वहीं 2014 से 2026 के बीच 1.18 करोड़ किलो सिंथेटिक मादक पदार्थ जब्त किए गए। इससे एक ओर जहां यह पता चलता है कि मादक पदार्थों की तस्करी रोकने में संबंधित एजेंसियों को लगातार सफलता मिल रही है, वहीं दूसरी ओर यह भी रेखांकित होता है कि मादक पदार्थों के तस्करों का दुस्साहस बढ़ रहा है।

मादक पदार्थों के तस्करों पर सख्ती बरतने की आवश्यकता इसलिए बढ़ गई है, क्योंकि नशा केवल युवा पीढ़ी के भविष्य को ही बर्बाद नहीं करता, बल्कि उसके कारोबारी देश की सुरक्षा के लिए खतरा भी पैदा करते हैं। यह किसी से छिपा नहीं कि नशीले पदार्थों की तस्करी से हासिल किए जाने वाले पैसे से अपराधी आधुनिक हथियार खरीदते हैं।

अपराधियों के कई गिरोह ऐसे हैं, जो अपने अपराध तंत्र को खड़ा करने के लिए नशीले पदार्थों का कारोबार करते हैं। इसी तरह कई आतंकी संगठन भी नशीले पदार्थों की तस्करी करते हैं। यह सही है कि मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ जीरो टालरेंस की नीति अपनाने की बात की जा रही है, लेकिन जब तक नशे के कारोबारी दबाव में नहीं आते, तब तक इस नीति के वांछित नतीजे हासिल नहीं हो सकते।

## व्यक्तित्व निर्माण

यह तो अनुभवसिद्ध है कि हमारा जीवन जितना सरल होगा वह उतना ही आनन्ददायक होगा । आदमी की अनवरत और-और की भूख उसके लिए मानसिक दुःख बन रही है। अतः हम यदि सादगी को अपनाएंगे तो निश्चित ही जीवन का गहरा आनन्द ले पाएंगे । धर्म, अनुशासन और आदर्श जीवन शैली से जीवन का विकास करें । जीवन में नशा किसी भी रूप में गलत हैं । वह गलत दवाओं, मोबाइल, टीवी का दुरुपयोग या गलत संगति आदि हमारे व्यक्तित्व के विकास, स्वास्थ्य और भविष्य आदि को प्रभावित करता हैं । हमारे जीवन में सदाचार, संयम और सकारात्मकता आदि सबसे बड़ी शक्तियां हैं । वह ख़राब आदतों से दूरी और अच्छे संस्कार आदि विकास ही हमारे उज्जवल भविष्य का आधार हैं । हमारे जीवन में समय का सदुपयोग, सत्संग, अध्ययन और आत्मानुशासन आदि - आदि सफलता की कुंजी हैं । हमारे अस्तित्व के बारे में जिज्ञासा हुई कि यदि आत्मा सर्वत्र है तो हम दुखी क्यों? यानि हम आत्मा की चेतना से ही तो सोचते हैं, बोलते हैं। वह सब कुछ अनुभव करते हैं फिर भी आत्मज्ञान से दूर रहते हैं। क्यों? उत्तर है क्योंकि हमारी दृष्टि भीतर की ओर नहीं है वह बाहर की ओर कहीं है । तदर्थ हम सांसारिक वस्तुओं, संबंधों, विचारों आदि- आदि में ही खोए रहते हैं । वह जबकि हम जो खोज रहे हैं वह तो पहले से ही हमारे भीतर है । उसे तो हम याद ही नहीं कर रहे। उस ओर तो ध्यान ही नहीं दे रहे। इसीलिए तो संत कबीर जी ने कहा है जिन खोजा तिन पाइयां गहरे पानी पैठ। यानि सागर में मोती वही पाएगा। वह जो मेहनत करेगा, गहरे पानी में जाएगा। तथा आत्मज्ञान तो तब होगा जब हम मन की भाग- दौड़ को रोक कर ध्यान को भीतर की ओर केंद्रित करें। वह तब ही तो हम कुछ हासिल कर सकेंगे। इसे हल्के में न लें। हम सदा अपने जीवन में कुछ समय ध्यान, ज्ञान, स्वाध्याय आदि-आदि में दें। जीवन में हार-जीत तो लगी ही रहती है। वह हार जाना गलत नहीं है । हार मान कर बैठ जाना गलत है क्योंकि जीवन पूर्ण-विराम नहीं है ।

> प्रदीप छाजेड़

# आखिर भारत में क्या हो नागरिकता का प्रमाण जो जिसमें दुविधा न हो?




> नागरिक और निवासी के बीच स्पष्ट अंतर स्थापित हो सकेगा। आधार स्वयं नागरिकता का प्रमाण नहीं है क्योंकि यह निवासियों को भी जारी किया जा सकता है।

भारत में नागरिकता प्रमाण को लेकर हाल की शुरू हुई बहस ने एक बड़ा सवाल खड़ा किया है कि यदि पासपोर्ट, आधार, वोटर आईडी और पैन कार्ड भी नागरिकता के अंतिम प्रमाण नहीं हैं, तो फिर ऐसा कौन-सा दस्तावेज़ हो जो पूरे देश में सर्वमान्य हो? यक्ष प्रश्न है। मेरे विचार से भारत को एक एकीकृत ₹राष्ट्रीय नागरिकता प्रमाणपत्र₹ (National Citizenship Certificate) या डिजिटल नागरिकता रजिस्टर की दिशा में गंभीरता से विचार करना चाहिए।

यदि मंडल/प्रमंडल, जिला, अनुमंडल, ब्लॉक प्रशासन और शहरी क्षेत्रों में नगर निगम, नगरपालिका, नगर परिषद, नगर पंचायत, तथा ग्रामीण क्षेत्रों में जिला परिषद, पंचायत समिति, पंचायत और वार्ड स्तर पर स्पष्ट डेटा बने तो बहुतेरे भ्रष्टाचार पर स्वतः लगाम लग जायेगा। वस्तुतः इस बाबत प्रशासनिक दुविधा भ्रष्ट प्रवृत्ति वालों को कई तरह की अन्यान्य सुविधाएं प्रदान कर रही हैं, खासकर मतदाता सूची या लाभुक सूची बनाने में बहुत घालमेल है, जिससे जनतांत्रिक क्षति स्वाभाविक है।

इसके पक्ष में कुछ तर्क हैं: पहला, स्पष्टता और कानूनी निश्चितता: आज नागरिकता साबित करने के लिए जन्म प्रमाणपत्र, माता-पिता के दस्तावेज़, निवास संबंधी रिकॉर्ड आदि का सहारा लेना पड़ता है। कोई एक सार्वभौमिक दस्तावेज़ नहीं है।

दूसरा, प्रशासनिक सरलता: सरकारी योजनाओं, चुनावी प्रक्रियाओं, पासपोर्ट, सरकारी नौकरियों और संपत्ति संबंधी मामलों में बार-बार अलग-अलग दस्तावेज़ प्रस्तुत करने की आवश्यकता कम हो जाएगी।

चौथा, डिजिटल भारत के अनुरूप व्यवस्था: जैसे आधार पहचान का माध्यम बना, वैसे ही सुरक्षित डिजिटल नागरिकता प्रमाणपत्र बनाया जा सकता है, जिसमें मजबूत गोपनीयता और न्यायिक सुरक्षा हो।

हालाँकि इसके साथ कुछ सावधानियाँ भी जरूरी होंगी:

जिनके पास पुराने रिकॉर्ड नहीं हैं, उनके अधिकार प्रभावित न हों। खासकर गरीब, ग्रामीण और वंचित वर्गों को दस्तावेज़ीकरण में सहायता मिले। अपील और सुधार की पारदर्शी व्यवस्था हो। नागरिकता सत्यापन राजनीतिक या प्रशासनिक मनमानी का साधन न बने।

नीतिगत दृष्टि से सबसे व्यावहारिक मॉडल यह हो सकता है कि जन्म पंजीकरण को 100% अनिवार्य और सार्वभौमिक बनाया जाए तथा उसी के आधार पर नागरिकता का एक स्थायी डिजिटल प्रमाण विकसित किया जाए। इससे भविष्य में नागरिकता संबंधी विवाद काफी हद तक समाप्त हो सकते हैं।

कम शब्दों में कहूँ तो भारत जैसे विशाल लोकतंत्र में एक ऐसा नागरिकता प्रमाण होना चाहिए जो पूरे देश में सर्वत्र मान्य, कानूनी रूप से अंतिम, डिजिटल रूप से सुरक्षित और नागरिक अधिकारों की रक्षा करने वाला हो। अभी की स्थिति में ऐसा कोई एक सार्वभौमिक दस्तावेज़ उपलब्ध नहीं है और यही भ्रम का मूल कारण है। यह हमारी संसद, सरकार और न्यायपालिका, तीनों की नाकामी नहीं तो क्या है? आप ख़ुद सोचिये, समझिए, सर्वमान्य हल दीजिए।

**- कमलेश पांडेय**

# कोलकाता की 'सुहरावर्दी एवेन्यू' को 'गोपाल मुखर्जी रोड' करने के पीछे क्या कारण है?

कोलकाता की ऐतिहासिक और बेहद व्यस्त सड़कों में से एक 'सुहरावर्दी एवेन्यू' का नाम अब बदलकर 'गोपाल मुखर्जी रोड' कर दिया गया है। कोलकाता नगर निगम द्वारा जारी इस आधिकारिक नोटिफिकेशन के बाद जहाँ भारतीय जनता पार्टी इसे 'ऐतिहासिक न्याय' और 'हिंदुओं के स्वाभिमान की बहाली' बताकर जश्न मना रही है, वहीं कॉन्ग्रेस और वामपंथी खेमे में इसके खिलाफ तीखा विरोध देखा जा रहा है। कॉन्ग्रेस इस फैसले को भाजपा की 'ध्रुवीकरण की राजनीति' करार देते हुए तर्क दे रही है कि यह सड़क 'बंगाल के कसाई' कहे जाने वाले हुसैन शहीद सुहरावर्दी के नाम पर नहीं, बल्कि उसके चाचा और कलकत्ता विश्वविद्यालय के पहले मुस्लिम कुलपति डॉ. हसन सुहरावर्दी के नाम पर थी।

कॉन्ग्रेस के अनुसार सुहरावर्दी एवेन्यू का नाम साल 1933 में डॉ. हसन सुहरावर्दी के सम्मान में रखा गया था जो एक बड़े सर्जन और शिक्षाविद थे लेकिन इतिहास के पन्नों को पलटने पर समझ आता है कि हसन सुहरावर्दी को अंग्रेजों ने 'सर' की उपाधि और यह सड़क उनके किसी 'अकादमिक योगदान' के लिए नहीं, बल्कि भारत की एक महान बेटी और स्वतंत्रता सेनानी के साथ गद्दारी करने के इनाम में दी थी। जानकारों के अनुसार 6 फरवरी 1932 को कलकत्ता विश्वविद्यालय का दीक्षांत समारोह चल रहा था। मंच पर ब्रिटिश गवर्नर सर स्टेनली जैक्सन भाषण दे रहा था। उसी समय 21 साल की एक निडर बंगाली स्वतंत्रता सेनानी बीना दास अपनी डिग्री लेने के बहाने वहाँ पहुँचीं। उनके पास एक रिवॉल्वर थी जिसे उन्होंने अपनी पोशाक में छुपा रखा था। भारत माँ को गुलामी की जंजीरों से आजाद कराने के संकल्प के साथ बीना दास ने गवर्नर स्टेनली जैक्सन पर एक के बाद एक 5 गोलियाँ दाग दीं। गवर्नर जैक्सन ने किसी तरह झुककर अपनी जान बचाई। इसी दौरान वहाँ मौजूद विश्वविद्यालय के तत्कालीन कुलपति डॉ. हसन सुहरावर्दी ने देशभक्त बीना दास को पीछे से दबोच लिया और उन्हें ब्रिटिश पुलिस के हवाले कर दिया। इस 'वफादारी' से खुश होकर ब्रिटिश हुकूमत ने हसन सुहरावर्दी को 'सर' की उपाधि से नवाजा और साल 1933 में उनके घर के सामने वाली सड़क का नाम 'सुहरावर्दी एवेन्यू' रख दिया।

इस घटना के बाद बीना दास को 9 साल की कठोर जेल हुई। उनके साथ जुड़ीं अन्य महिला क्रांतिकारियों, जैसे कमला दासगुप्ता (जिन्होंने रिवॉल्वर का इंतजाम किया था), को लंबे समय तक जेल की कालकोठरी में यातनाएँ सहनी पड़ीं। स्थानीय विचारकों एवं इतिहास के अनुसार हसन सुहरावर्दी और हुसैन शहीद सुहरावर्दी दोनों एक ही परिवार के सदस्य थे। हसन सुहरावर्दी रिश्ते में हुसैन शहीद सुहरावर्दी का सगा चाचा था। और यह हुसैन शहीद सुहरावर्दी कौन था? इसे इतिहास 'बंगाल का कसाई' के नाम से जानता है।

**- रामस्वरूप रावतसरे**


## आज के समय की...

विवेक रंजन श्रीवास्तव

# शब्दों का मेला, मनोरंजन के झुनझुने से चेतना की अलख तक

साहित्य क्या है? क्या यह भरे पेट अघाये हुए आदमी के मन बहलाव का सजीला खिलौना मात्र है, जिसे दिनभर की थकान के बाद तकिए के सिरहाने रखकर सो जाया जाए, या फिर यह आत्मा के भीतर सुलगती वह चिंगारी है जो आदमी को चैन से सोने नहीं देती?

यह सवाल उतना ही पुराना है जितनी हमारी अपनी चेतना। सच तो यह है कि साहित्य मनोरंजन की उंगली पकड़कर यात्रा शुरू भले ही करे, लेकिन उसकी अंतिम परिणति हमेशा गहरे आत्म-मंथन में होती है। यदि हम वक्त के रथ पर सवार होकर इतिहास के बीहड़ में झांकें, तो राजा महाराजाओं के दौर में साहित्य का एक अजीब रंग रूप दिखाई देता है। वह युग था जब कविता राजसी वैभव के गलियारों में सजी धजी दासी की तरह खड़ी थी। चारण और भाट कवि दरबार की मखमली गद्दियों पर बैठकर राजा के घोड़े की टापों में भी ब्रह्मांड की गूंज सुन लेते थे। तलवारों की खनक और सुरा के प्यालों के बीच जो साहित्य रचा गया, वह दरबारी मनोरंजन का चरम था। वहां राजा को खुश रखना ही सबसे बड़ा धर्म था। लेकिन उसी वैभव के साए से दूर, झोपड़ियों और धूल-धूसरित रास्तों पर कबीर, तुलसी और सूरदास जैसे अलमस्त फकीर भी घूम रहे थे। कबीर जब बाजार में



खड़े होकर समाज के पाखंड पर लाठी भांजते थे, तो वह मनोरंजन नहीं, सामंती ढोंग तथा विसंगतियों के खिलाफ एक खुली बगावत थी। राजाओं का वह दरबारी मनोरंजन तो इतिहास के पन्नों में दफन हो गया, लेकिन इन संतों की गंभीर चेतना आज भी संदर्भ है।

विधाओं के संसार में प्रवेश करें तो अक्सर लोग कविता और शायरी को केवल महफिलों की ज़ीनत मान बैठते हैं। ग़ालिब की मखमली शायरी या मीर का दर्द सुनकर लोग 'वाह-वाह' तो कह देते हैं, पर क्या वह सिर्फ मनोरंजन है? नहीं, वह तो जीवन के उस दर्शन का अक्स है जो इंसान को अपनी ही तकदीर से आंखें मिलाने का हौसला देता है। जब आधुनिक दौर में दुष्यंत कुमार की गज़ल पुकारती है कि 'सिर्फ हंगामा खड़ा करना मेरा मकसद नहीं', तो कविता महफिलों के इत्र से सराबोर लिबास को उतारकर सीधे संघर्ष की तपती सड़कों पर उतर आती है। तब वह दिल बहलाने का साधन नहीं, बल्कि व्यवस्था की नींद उड़ाने वाला शंखनाद बन जाती है।

यही मिजाज व्यंग्य और कहानियों का भी है। व्यंग्य कोई ऐसी तितली नहीं है जो केवल गुदगुदाकर उड़ जाए। हरिशंकर परसाई या शरद जोशी जब अपनी कलम उठाते हैं, तो पाठक हंसता जरूर है, लेकिन वह हंसी होठों पर आकर जम जाती है। वह एक ऐसी कड़वी दवा है जो शहद में लपेटकर दी जाती है। जब परसाई जी समाज के खोखलेपन पर चोट करते हैं, तो पाठक तिलमिला उठता है। इसी तरह मुंशी प्रेमचंद की 'पूस की रात' या 'कफ़न' को पढ़कर भला किसे महज मनोरंजन का आनंद मिलेगा? घीसू और माधव के कफ़न के पैसों से पूड़ियां खाने के दृश्य को पढ़कर आम पाठक के भीतर का इंसान भी रो पड़ता है। यह रोना ही साहित्य की जीत है, जहां कहानी मनोरंजन की देहली लांघकर मानवीय चेतना का विमर्श बन जाती है।

आज के समय की बयार कुछ बदली हुई है। साहित्यिक गोष्ठियों और सम्मेलनों के मंच अब अक्सर आत्म-मुग्धता के लाउडस्पीकर बन चुके हैं। जहां गंभीर संवाद की जगह केवल पीठ थपथपाने और वाह-वाही बटोरने का दौर चल पड़ा है। प्रकाशन जगत भी अब 'साहित्य' को नहीं, बल्कि 'बिकने वाले माल' को ढूंढता है। बाजार की इस चकाचौंध में गंभीर और वैचारिक लेखन को अक्सर 'बोझिल' कहकर किनारे कर दिया जाता है, और सतही, सनसनीखेज लेखन को सिर-आंखों पर बिठाया जाता है। आज साहित्य को मनोरंजन का एक ऐसा सस्ता कैप्सूल बनाने की कोशिश की जा रही है, जिसे निगलते ही इंसान अपने आसपास की कड़वी हकीकत से बेखबर हो जाए। आखिरकार, साहित्य की यात्रा मनोरंजन से शुरू जरूर होती है, क्योंकि जो रचना रोचक नहीं होगी, पाठक उसे छुएगा भी नहीं। लेकिन अगर वह केवल मनोरंजन पर ही ठहर गई, तो वह पानी के बुलबुले जैसी होगी सुंदर, पर क्षणभंगुर। कालजयी साहित्य वही है जो पाठक के मन को पहले अपनी रसमयता से रिझाए, फिर उसे धीरे से पकड़कर जीवन के गूढ़ सत्यों के सामने खड़ा कर दे।

# सोनभद्र के ग्रामीण अंचलों में आर्थिक क्रांति की संवाहक बनतीं आत्मनिर्भर महिलाएं

उत्तर प्रदेश के जनपद सोनभद्र के ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं को स्वावलंबी और आर्थिक रूप से सुदृढ़ बनाने की दिशा में चलाई जा रही योजनाओं के परिणाम अब धरातल पर स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगे हैं। प्रदेश सरकार की नीतियों और ग्रामीण विकास कार्यक्रमों के समन्वय से सोनभद्र के सुदूर गांवों की महिलाओं के जीवन में एक अभूतपूर्व और सकारात्मक परिवर्तन आया है। पारंपरिक बंधनों और घर की चहारदीवारी से बाहर निकलकर महिलाएं अब लघु उद्योगों की स्थापना कर रही हैं और अपने परिवारों के आर्थिक संबल का मुख्य आधार बन रही हैं। यह बदलाव न केवल महिलाओं की व्यक्तिगत आय में वृद्धि कर रहा है बल्कि इस जनजातीय और ग्रामीण बहुल क्षेत्र की अर्थव्यवस्था को भी एक नई गति प्रदान कर रहा है। इसी विकास यात्रा की एक अद्वितीय मिसाल जनपद के विकास खंड करमा के ग्राम ककरही में देखने को मिलती है जहां महिलाओं ने सामूहिक प्रयास से आत्मनिर्भरता की नई परिभाषा लिखी है। सोनभद्र के ग्राम ककरही में संकल्प प्रेरणा महिला संकुल स्तरीय संघ के तत्वावधान में स्थापित किया गया सोया मिल्क प्लांट ग्रामीण महिला उद्यमिता का एक उत्कृष्ट उदाहरण बनकर उभरा है। इस प्लांट की स्थापना के बाद से क्षेत्र की महिलाओं के सामाजिक और आर्थिक स्तर में एक क्रांतिकारी बदलाव आया है। इस महत्वाकांक्षी परियोजना से जुड़कर मौर्या आजीविका स्वयं सहायता समूह की अनेक महिलाएं वर्तमान में सोया मिल्क, सोया पनीर, सोया दही और सोया बड़ी जैसे उच्च गुणवत्ता वाले पौष्टिक उत्पादों का नियमित उत्पादन कर रही हैं। इन उत्पादों की बाजार में बढ़ती मांग के चलते समूह से जुड़ी प्रत्येक महिला हर महीने औसतन बीस हजार रुपये तक की सम्मानजनक आमदनी प्राप्त कर रही है जो जनपद के इस ग्रामीण परिवेश में उनके आर्थिक सशक्तिकरण को प्रदर्शित करता है। त्योहारों और शादी-विवाह के विशेष अवसरों पर सोनभद्र के स्थानीय बाजारों में सोया पनीर की मांग अत्यधिक बढ़ जाती है जिसके कारण महिलाओं के लिए इसकी निरंतर आपूर्ति सुनिश्चित करना एक बड़ी और लाभप्रद चुनौती बन जाता है। इस व्यवसाय ने उन महिलाओं की जिंदगी को पूरी तरह बदल दिया है जो पहले केवल घरेलू कार्यों तक सीमित थीं और जिनके सामने अपने परिवारों के सुचारू भरण-पोषण की गंभीर समस्या बनी रहती थी। अब स्थिति पूरी तरह बदल चुकी है और नियमित आय सुनिश्चित होने से इन महिलाओं का न केवल घरेलू स्तर पर सम्मान बढ़ा है बल्कि बच्चों की शिक्षा और स्वास्थ्य पर होने वाले खर्चों के लिए भी वे पूरी तरह आत्मनिर्भर हो चुकी हैं। वैवाहिक सीजन के दौरान मांग में भारी उछाल आने से उनकी आय में और अधिक वृद्धि हो जाती है जिससे उनका उत्साह दोगुना हो जाता है। इस सफल उद्यम की नींव को मजबूत करने में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा प्रदान किए गए तकनीकी और व्यावसायिक प्रशिक्षण की अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका रही है। प्रदेश सरकार के मार्गदर्शन में संचालित इस मिशन के माध्यम से महिलाओं को सोयाबीन से दूध और पनीर बनाने की वैज्ञानिक और आधुनिक पद्धतियों का गहन प्रशिक्षण उपलब्ध कराया गया। इस प्रशिक्षण सत्र ने महिलाओं को प्लांट के संचालन से लेकर उत्पादन की बारीक से बारीक तकनीकों को समझने में सक्षम बनाया। लगभग साढ़े तीन लाख रुपये की प्रारंभिक लागत से स्थापित इस सोया मिल्क प्लांट की दैनिक उत्पादन क्षमता इतनी सुदृढ़ है कि यहां हर दिन लगभग अस्सी किलोग्राम तक ताजा और शुद्ध सोया पनीर आसानी से तैयार कर लिया जाता है।

## जरा हटके

## ग्रामीण पर्यटन को ...

केवल (से0नि0 सूचना अधिकारी)

# ग्रामीण पर्यटन और होम-स्टे के माध्यम से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मिलेगी मजबूती

उत्तर प्रदेश सरकार पर्यटन सेक्टर में असीमित संभावनाओं को देखते हुए नये-नये क्षेत्रों पर फोकस कर रही है। बदली परिस्थितियों में पर्यटन के क्षेत्र में मौजूद अवसरों का अधिकतम उपयोग करने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार ने कमर कस ली है। पर्यटन को एक कमाऊ एवं रोजगार देने के साथ ही निवेश आकर्षित करने वाला सेक्टर बनाने के लिए नयी पर्यटन नीति- 2022 जारी की गई है। इसमें सेवा क्षेत्र के साथ पर्यटन से जुड़े सेक्टरों को तमाम सहूलियतें प्रदान की गई हैं।

उत्तर प्रदेश में धार्मिक, आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक महत्व के कई प्रमुख पर्यटन स्थल विद्यमान है। अयोध्या, प्रयागराज, वाराणसी, नैमिषारण्य, विन्ध्यांचल, चित्रकूट, मथुरा-वृंदावन, श्रावस्ती, कुशीनगर, सारनाथ और संकिसा आदि विश्व प्रसिद्ध तीर्थस्थल हैं। प्रदेश में वर्ष 2017 के बाद सुदृढ़ कानून व्यवस्था, बेहतर कनेक्टिविटी एवं विश्व स्तरीय अवस्थापना सुविधाओं के चलते पर्यटकों के आगमन में कई गुना बढ़ोत्तरी हुई है। अकेले काशी और अयोध्या में पर्यटकों की संख्या में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। इससे स्थानीय स्तर पर रोजगार तथा निवेश में भी बढ़ोतरी हुई है। साथ ही सेवा सेक्टर की आमदनी भी बढ़ रही है। प्रदेश में वर्ष 2025 में जनवरी से सितम्बर, 2025 तक उ0प्र0 में कुल 1377075696 पर्यटक आए जिसमें 1373414030 भारतीय पर्यटक और 3661666 विदेशी पर्यटक शामिल थे। इस आंकड़े में प्रयागराज महाकुंभ-2025 में आए कुल 66.30 करोड़ पर्यटकों की संख्या भी शामिल है,



जिसमें भारतीय पर्यटकों की संख्या 660952000 एवं विदेशी पर्यटकों की संख्या 2048000 है। उत्तर प्रदेश विभिन्न धार्मिक, ऐतिहासिक, पौराणिक गन्तव्य स्थलों के लिए जाना जाता है। यहां ताजमहल, फतेहपुर सीकरी तथा लालकिला जैसे विश्व प्रसिद्ध पर्यटन स्थल के साथ ही काशी, मथुरा, अयोध्या, कुशीनगर जैसे पर्यटन सर्किट मौजूद हैं। केन्द्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न योजनाएं पर्यटन संबंधी गतिविधियों को बढ़ाने के लिए जरूरी बुनियादी सुविधाओं को बेहतर बनाने में जुटी हुई हैं। राज्य सरकार पर्यटन को उद्योग के रूप में संचालित करने के लिए पर्यटन नीति के तहत होटल एवं प्राचीन किलों को सजाने-संवारने का कार्य शुरू किया है। इसके अलावा ग्रामीण पर्यटन एवं होम स्टे को बढ़ावा दिए जाने की रणनीति बनाई गई है। शहरी जीवन से ऊबे लोग शांति एवं एकान्त की तलाश में आने वाले शैलानियों के लिए होम स्टे काफी पसन्द किया जा रहा है। इसके माध्यम से प्रदेश की गौरवशाली सांस्कृतिक विरासत को जानने का अवसर प्राप्त होगा। पर्यटक गांव की सड़क से लेकर ग्रामीण जीवन के रहन-सहन, खानपान को करीब से जान सकेंगे।

ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए गांवों में आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। इसके तहत सड़क, पानी, बिजली, इण्टरनेट जैसी सुविधाएं देने पर विशेष बल दिया जा रहा है। मौजूदा सरकार तेज रफ्तार वाली सड़कें बनाने के साथ ही निर्वाध विद्युत आपूर्ति कर रही है। ग्रामीण पर्यटन के तहत फिलहाल 18 गांवों का चयन किया गया है। लगभग 100 गांवों को इस योजना में चयन करने की तैयारी है। गांवों में बड़े मकानों को लाज के रूप में बदलवाने का प्रयास किया जायेगा। इसके माध्यम से मकान मालिकों को भी आमदनी का जरिया प्राप्त होगा।

उत्तर प्रदेश में होम-स्टे पर भी राज्य सरकार फोकस कर रही है। पर्यटन को जमीनी स्तर तक ले जाने के लिए सरकार ने होम स्टे मॉडल को तेजी से लागू करने की दिशा में कदम बढ़ाया है। पर्यटन विभाग ने प्रदेश के विभिन्न जिलों में होम स्टे पंजीकरण और संचालन की प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए निर्देश दिए है जिससे ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में स्थानीय लोगों की भागीदारी बढ़ सके। इस योजना को पायलट आधार पर आगे पहुंचाया जा रहा है। यहां पुराने मोहल्लो और हेरिटेज क्षेत्रों खासतौर से चौक और आस-पास के क्षेत्रों में पारंपरिक घरों को होम-स्टे के रूप में विकसित करने की तैयारी की है। इससे पर्यटकों को नवाबी संस्कृति का वास्तविक अनुभव मिल सकेगा। पर्यटकों के लिए यह पहल सिर्फ ठेहरने तक सीमित नहीं होगी, बल्कि स्थानीय खान-पान, कला और संस्कृति को भी शामिल किया गया है।

इस पहल से पर्यटक सीधे स्थानीय जीवनशैली से जुड़ सकेंगे और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। होम-स्टे योजना का उद्देश्य पर्यटन को बड़े होटलों से निकाल कर आम लोगों के घर तक पहुंचाना है। इस योजना के क्रियान्वयन से अवसर बढेग़े और प्रदेश की वास्तविक सांस्कृतिक विरासत पर्यटकों तक पहुचंेगी। इस नीति के तहत राज्य के धार्मिक और पर्यटक स्थलों जैसे-अयोध्या, वाराणसी, प्रयागराज के आस-पास बड़े पैमाने पर होम-स्टे विकसित किए जाने की योजना है। होम-स्टे के तहत स्थानीय युवाओं और परिवारों को सीधे फायदा पहुचेगा। लखनऊ जैसे शहरों में यह मॉडल सांस्कृतिक पर्यटन को नया आयाम दे सकता है। होम-स्टे की सफलता से यह संकेत मिल रहा है कि उ0प्र0 में पर्यटन अब बड़े प्रोजेक्टस के साथ-साथ छोटे स्तर पर भी विस्तार पा रहा है, जिससे आम नागरिक भी विकास का हिस्सा बन रहे है।

# सोते वक्त पति को पेट्रोल छिड़ककर जिंदा जलाया

## मरने से पहले बोला- प्रेमी संग मिलकर आग लगाई, 10 साल पहले हुई थी शादी

**वारदात**

तमसा संकेत, एजेंसी

**इंस्पेक्टर बिनौली राकेश कुमार शर्मा ने बताया- मामले में कार्रवाई पहले ही की जा चुकी है। राजीव के बयान के आधार पर उसकी पत्नी और प्रेमी को गिरफ्तार किया गया था। अब उसकी मौत हो गई है, इसलिए दोनों पर हत्या की धाराएं बढ़ाकर कार्रवाई की जाएगी।**

बागपत। यूपी के बागपत में पत्नी ने प्रेमी के साथ मिलकर पति को जिंदा जला दिया। रात में सोते समय पत्नी ने पहले प्रेमी से मंगवाए पेट्रोल को पति पर छिड़का। फिर उसे आग लगा दी। आग की लपटों में घिरा युवक चीखता हुआ घर से बाहर भागा। जलते हुए युवक को देख आसपास के लोग भागते हुए उसके पास पहुंचे। किसी तरह आग को बुझाया। गंभीर हालत में उसे सीएचसी ले गए, जहां डॉक्टरों ने युवक को मेरठ जिला अस्पताल रेफर कर दिया। एक सप्ताह तक इलाज चलने के बाद शुक्रवार रात युवक की मौत हो गई। मरने से पहले युवक ने पुलिस को बताया- पत्नी और उसके प्रेमी ने मिलकर मुझे जलाया। पुलिस ने दोनों



आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। घटना 20 जून को जिला मुख्यालय से करीब 38 किमी दूर बिनौली थाना क्षेत्र में हुई थी। राजीव (40) बिजवाड़ा गांव का रहने वाला था। परिवार में पत्नी नीशू (37), बेटी परी (9), बेटा कल्लू (7), शिवा (4) और पिता सतबीर सिंह (62) हैं। राजीव और नीशू की 10 साल पहले शादी हुई थी। राजीव मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण करता था। परिजनों के मुताबिक, नीशू का पड़ोसी विक्रांत (40)

### *पिता ने प्रेमी को भागते देखा*

*राजीव के पिता सतबीर सिंह ने बताया कि घटना के बाद उन्होंने विक्रांत को घर से भागते हुए देखा था। उन्होंने 21 जून को बिनौली थाने में दोनों के खिलाफ FIR दर्ज कराई। पिता के अनुसार, बहू ने प्रेमी को घर बुलाया था। दोनों ने मिलकर सो रहे राजीव पर पेट्रोल डालकर आग लगा दी। इसके बाद आरोपी प्रेमी विक्रांत छत के रास्ते फरार हो गया। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि घटना से पहले विक्रांत ने राजीव को जान से मारने की धमकी दी थी। पुलिस ने राजीव का बयान दर्ज करने के बाद 22 जून को नीशू और विक्रांत को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।*

से पांच साल से अफेयर चल रहा था। तीन महीने पहले राजीव को इसकी जानकारी



पुलिस ने पत्नी नीशू और उसके प्रेमी विक्रांत को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

हो गई थी।

उसने दोनों को मिलने से मना किया, लेकिन वे नहीं माने। आरोप है कि इसी दौरान दोनों ने राजीव को रास्ते से हटाने की साजिश रची। 20 जून की शाम राजीव काम से घर लौटा। उसने पत्नी के साथ खाना खाया और रात 11 बजे कमरे में सोने चला गया। पत्नी नीशू बच्चों को लेकर दूसरे कमरे में चली गई।

आरोप है कि रात करीब एक बजे, जब राजीव गहरी नींद में था, तब नीशू ने विक्रांत को घर बुलाया। वह दो लीटर पेट्रोल लेकर पहुंचा।

- **पत्नी ने पेट्रोल छिड़ककर युवक को जिंदा जला दिया था। लपटों में घिरा युवक चीखता हुआ घर से बाहर भागा।**
- **आग बुझाने के बाद परिजन उसे सीएचसी ले गए। प्राथमिक इलाज के बाद डॉक्टरों ने उसे मेरठ जिला अस्पताल रेफर कर दिया।**
- **पुलिस ने पत्नी नीशू और उसके प्रेमी विक्रांत को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।**

दोनों राजीव के कमरे में गए और उस पर पेट्रोल छिड़क दिया। पेट्रोल पड़ने से राजीव की नींद खुल गई और वह कमरे से बाहर भागने लगा। इसी दौरान नीशू ने माचिस जलाकर उसे आग के हवाले कर दिया।

# सोनभद्र में 28 जून से पल्स पोलियो अभियान शुरू

## 0 से 5 वर्ष के बच्चों को पिलाई जाएगी खुराक, 1092 बूथ लगेंगे

तमसा संकेत, एजेंसी

सोनभद्र। सोनभद्र में 28 जून से सघन पल्स पोलियो महाअभियान शुरू होगा। इसका उद्देश्य 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो जैसी गंभीर बीमारी से सुरक्षित रखना है। अभियान की सफलता सुनिश्चित करने के लिए शुक्रवार को विकास भवन परिसर से एक जनजागरूकता रैली निकाली गई। मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ)जागृति अवस्थी ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने लोगों से अपील की कि पांच वर्ष तक का कोई भी बच्चा पोलियो की जीवनरक्षक खुराक से वंचित न रहे। सीडीओ अवस्थी ने बताया कि भारत को वर्ष 2014 में विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा पोलियो मुक्त राष्ट्र घोषित किया जा चुका है। हालांकि, पड़ोसी देशों में अभी भी पोलियो वायरस के मामले सामने आते रहते हैं। ऐसे में संक्रमण के संभावित खतरे को देखते हुए भारत में नियमित रूप से पल्स पोलियो अभियान



चलाया जाता है, ताकि देश की नई पीढ़ी इस बीमारी से पूरी तरह सुरक्षित रह सके। उन्होंने जोर दिया कि पोलियो एक गंभीर बीमारी है जो आजीवन दिव्यांगता का कारण बन सकती है, लेकिन समय पर पिलाई गई पोलियो की दो बूंदें बच्चों को सुरक्षित रखती हैं।

उन्होंने अभिभावकों से प्रत्येक बच्चे को हर बार खुराक पिलाने का आग्रह किया, चाहे उसे पहले कितनी भी बार दवा दी जा चुकी हो। उन्होंने जनप्रतिनिधियों,ग्राम प्रधानों,आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों,आशा बहनों, शिक्षकों,स्वयंसेवी संस्थाओं और मीडिया से भी अभियान को जन-जन तक पहुंचाने में सहयोग की अपील की।

**फास्ट न्यूज**

### विधानसभा चुनाव से पहले सीतापुर में सपा का नया जिलाध्यक्ष

सीतापुर। सीतापुर में आगामी विधानसभा चुनाव से पहले समाजवादी पार्टी ने सीतापुर जिला संगठन में बड़ा बदलाव करते हुए शमीम कौसर सिद्दीकी को नया जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है। पार्टी नेतृत्व ने मौजूदा जिलाध्यक्ष छत्रपाल यादव को पद से हटाते हुए शमीम कौसर सिद्दीकी को जिला संगठन की कमान सौंपी है। हालांकि यह कार्रवाई क्यों की गई है इसका अभी तक कोई अनुमान सामने नहीं आया है।

### राम मंदिर चढ़ावे से भाजपा लड़ रही चुनाव

बाराबंकी। अयोध्या में राम मंदिर के चढ़ावे में कथित चोरी और इस संबंध में आठ लोगों के खिलाफ दर्ज एफआईआर को लेकर कांग्रेस सांसद तनुज पुनिया ने सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि यह करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था से जुड़ा एक गंभीर मामला है। पुनिया के अनुसार, देश में अब इंसानों के बाद भगवान के साथ भी धोखाधड़ी हो रही है। तनुज पुनिया ने आरोप लगाया कि सरकार इस पूरे मामले में लीपापोती कर रही है। आठ लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज होने पर उन्होंने कहा कि ऐसी सैकड़ों एफआईआर केवल मामलों को रफा-दफा करने के लिए दर्ज की जाती हैं।

### दो बहनों को लेकर भाग गया कोलकाता का युवक

गोरखपुर। गोरखपुर के चिलुआताल इलाके में 2 ममेरी बहनों को कोलकाता का युवक शादी का झांसा देकर भगा ले गया। परिजनों का आरोप है कि बेटे का दोस्त बनकर आरोपी युवक घर में पैठ बना लिया। हर कोई उसे घर का सदस्य समझने लगे।

चिलुआताल इलाके की महिला की तहरीर पर पश्चिम बंगाल, कोलकाता के नदिया जिले के थाना रानाघाट क्षेत्र में रहने वाले गोविंदो सिंह के खिलाफ पुलिस ने शुक्रवार को एफआईआर दर्ज की है।

# गड्ढे में डूबे 3 किशोरों की मौत पर प्रदर्शन

## सपा ने अवैध खनन का आरोप लगाया, मुआवजे को बताया खानापूर्ति

तमसा संकेत, एजेंसी

सोनभद्र। सोनभद्र में अवैध खनन से बने गड्ढे में डूबने से तीन किशोरों की हुई मौत के बाद समाजवादी पार्टी (सपा) ने विरोध प्रदर्शन किया। शनिवार की दोपहर मे स्वर्ण जयंती चौक पर सपा कार्यकर्ताओं ने सरकार पर अवैध खनन रोकने में विफल रहने और पीड़ितों को अपर्याप्त मुआवजा देने का आरोप लगाया। प्रदर्शन के दौरान सपा नेताओं ने निषाद समाज के बच्चों की मौत पर गहरा दुख व्यक्त किया और परिवारों के लिए न्याय की मांग की। उन्होंने कहा कि अवैध खनन के कारण लगातार दुर्घटनाएं हो रही हैं, लेकिन सरकार और उसके प्रतिनिधि इस पर मूक दर्शक बने हुए हैं। सपा जिला सचिव प्रमोद यादव ने कहा कि जिस परिवार का घर उजड़ता है, उसका दर्द वही जानता है। उन्होंने



भाजपा सरकार और उसके मंत्रियों-विधायकों पर 'कान में रुई डालकर' मौन रहने का आरोप लगाया। सपा नेता मनीष त्रिपाठी ने कहा कि भाजपा सरकार में कानून की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। दिनेश साहनी और सुरेश अग्रहरि ने भी सोनभद्र में कई खनन हादसों के बावजूद सरकार की निष्क्रियता पर सवाल उठाए। अशोक केवट, शौर्य त्रिपाठी, संदीप भारती, अर्जुन खरवार, सुरेंद्र प्रजापति, अनिल विश्वकर्मा और सरजू प्रसाद सहित कई सपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# कानपुर नगर निगम में सीवर लाइन को लेकर प्रदर्शन

## मेयर और उनके बेटे के खिलाफ मुर्दाबाद के नारे लगाए, अरबों की जमीन कब्जाने का आरोप

तमसा संकेत, एजेंसी

कानपुर। कानपुर में मेयर और भाजपा के 6 बागी पार्षदों का विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। अब मेयर के खिलाफ सीएम से शिकायत करने वाले पार्षद पवन गुप्ता के वार्ड में मौजूद संत लाल का हाता में रहने वाले सैकड़ों लोग शनिवार दोपहर मेयर और उनके बेटे के खिलाफ पोस्टर बैनर लेकर नगर निगम पहुंचे। लोगों ने सीवर लाइन के लिए प्रदर्शन किया। इस दौरान पब्लिक ने मेयर और उनके बेटे अमित उर्फ बंटी पांडेय के खिलाफ मुर्दाबाद के जमकर नारे लगाए। प्रदर्शन के दौरान लोगों ने आरोप लगाया कि संतलाल के हाते की अरबों रुपए की कीमती जमीन पर मेयर के बेटे की नजर है। इस वजह से सीवर लाइन नहीं पड़ने दे रहा है। प्रदर्शन के दौरान पब्लिक ने नगर निगम के अफसरों को जल्द से जल्द सीवर लाइन का काम कराने के लिए ज्ञापन भी दिया। इसमें भारी संख्या में पुरुषों






के साथ ही महिलाएं और बच्चे भी शामिल हुए। राजवंती देवी ने बताया कि पार्षद पवन गुप्ता ने मेहनत करके टेंटर पास कराया और अब मेयर का बेटा अमित पांडेय सीवर लाइन नहीं पड़ने दे रहा है। मेयर का लड़का, वो अड़ंगा लगा रहा है। कह रहा है 'यहां सीवर लाइन नहीं पड़ेगी'। वो हमारी बस्ती को उजाड़ना चाहता है। हम लोग बहुत परेशान हैं। वहां हमारे बच्चे, हमारी बहू-बेटियां कहां जाएंगी शौच करने? रात में सब लोग बहुत परेशान हैं। मोदी-योगी सब घर-घर शौचालय बनवा रहे हैं और हमारे हाते में सीवर लाइन नहीं पड़ने दे रहे हैं। वो गुंडई दिखा रहा है। महिला ने यह भी बताया कि बस्ती की जमीन बहुत कीमती है, करोड़ों की जगह है, पॉश एरिया है। वो हम लोग को भगाना चाहता है, उजाड़ना चाहता है।

### युग ने कहा- रोज सुलभ शौचालय में जाना पड़ता है

युग ने बताया कि सीवर लाइन नहीं होने की वजह से पूरा परिवार परेशान है। हम लोगों को आज भी शुलभ शौचालय में शौच के लिए जाना पड़ता है। वहां पर इतनी गंदगी रहती है, सुबह नंबर लगाना पड़ता है, इसलिए सर हम लोगों को रोजाना परेशानी का सामना करना पड़ता है। शौचालय नहीं होने की वजह से हम लोग रोजाना स्कूल जाने में देरी होती है। हम लोगों के हाते में सीवर लाइन पड़नी चाहिए।

### *प्रदर्शन करने वालों की सुरक्षाकर्मियों से झड़प*

*नगर परिसर में प्रदर्शन करने वाले संत लाल के हाता के लोगों से सुरक्षाकर्मियों की झड़प हुई। सुरक्षा-कर्मियों का कहना था कि यहां नीचे की ओर जाइए। जब लोग जाने को तैयार नहीं थे। प्रदर्शन में पहुंचने के दौरान संत लाल हाता के लोग मोदी-योगी जिंदाबाद के नारे लगाते रहे। नगर निगम पहुंचे संत लाल का हाता के रहने वालों ने धरना दिया और नारेबाजी की। इस दौरान उनके हाथों में पोस्टर भी था।*



सेवा में,
श्रीमान नगर आयुक्त महोदय,
नगर निगम कानपुर नगर।

महोदय,
अवगत कराना है कि क्षेत्रीय पार्षद श्री पवन गुप्ता जी के अथक प्रयासों व नगर प्रशासन के द्वारा मलिन बस्ती संतलाल हाता में रह रहे लगभग चार हजार दलित व असहाय समुदाय की पीड़ा को समझते संतलाल हाता में सीवर लाइन डालने के आदेश करते हुए टेंडर भी निकाल दिया गया है, जिससे हम समस्त निवासी गण काफी खुश हैं। परन्तु आज सोशल मीडिया के द्वारा हम निवासियों को ज्ञात हुआ कि कुछ भू-माफिया कथित मकान मालिक पवन कुमार व मेयर पुत्र अमित पाण्डेय उर्फ बन्टी व भू-माफिया मिलकर के ऐन केन प्रकरण से बेचना व खरीदना चाहते हैं। टेंडर होने पर अपनी मंशा को फेल होता देख कर, वह पवन कुमार व उनके परिवार के समस्त लोगों को लेकर आपके विरुद्ध नगर निगम में धरना एवं प्रदर्शन कर डाले गए टेंडर को निरस्त कराने का प्रयास कर रहे हैं। ऐन केन प्रकरण से सरकारी जमीन को बेचकर हम समस्त चार हजार दलित निवासियों को बेघर करना चाहते हैं।

अतः श्रीमान जी से करबद्ध प्रार्थना है कि भू-माफिया कथित मकान मालिक की पवन कुमार व भूमाफिया मेयर पुत्र अमित पाण्डेय बन्टी की बातों पर ध्यान न देकर वर्षों से चली आ रही भीषण समस्या सीवर लाइन डलवा कर हम समस्त दलित दुर्बल आय वर्ग एवं असहाय चार हजार निवासियों को भीषण समस्या से निजात दिलाने की कृपा करें। कार्य में बाधा पहुँचाने वाले पवन कुमार व मेयर पुत्र अमित पाण्डेय उर्फ बन्टी व भूमाफिया के खिलाफ कानूनी कार्यवाही भी करें।

धन्यवाद
प्रार्थी
रोशन लाल कुरील
मो० नं० 7905876646
व समस्त निवासी गण
संतलाल हाता हर्षनगर

दिनांक: 27.06.2026

**लोगों ने नगर आयुक्त को संबोधित ज्ञापन सौंपा। कहा- पार्षद पवन गुप्ता के प्रयासों से नगर प्रशासन के द्वारा मलिन बस्ती संतलाल हाता में सीवर लाइन डालने के आदेश करते हुए टेंडर भी निकाल दिया है, जिससे वहां के लोग खुश हैं। परन्तु आज हमें पता चला कि कुछ भू-माफिया कथित मकान मालिक पवन कुमार व मेयर पुत्र अमित पाण्डेय उर्फ बन्टी व भू-माफिया मिलकर के ऐन केन प्रकरण से बेचना व खरीदना चाहते हैं।**

## कानपुर में अमीर घर ढूंढा, दूसरे दिन ही चोरी की, बॉयफ्रेंड से शादी के लिए वारदात

# नौकरानी जींस में छिपाकर ले गई 60 लाख के गहने

तमसा संकेत, एजेंसी

कानपुर। कानपुर में मेड जींस के अंदर 60 लाख रुपए के गहने रखकर चुरा ले गई थी। वजह यह थी कि वह बॉयफ्रेंड से शादी करना चाहती थी। पुलिस के मुताबिक, चोरी करने के लिए वह छह महीनों से अमीर घर में नौकरी की तलाश कर रही थी 16 जून को मैनपावर एजेंट के जरिए उसे दवा कारोबारी के घर मेड की नौकरी मिली। पहले ही दिन उसने घर की रेकी की और अगले दिन गहने चुरा लिए। इसके बाद नाबालिग 6 लाख रुपए का ब्रेसलेट 2 लाख रुपए में बेचकर बॉयफ्रेंड के साथ फरार हो गई। पहले लखनऊ आई, फिर दिल्ली और मुंबई होते हुए राजस्थान के माउंट आबू पहुंच गई। इधर, मेड



नौकरी पर नहीं आई तो कारोबारी को शक हो गया। विकास ने अलमारियां खंगालीं तो गहने गायब मिले। उन्होंने पुलिस को जानकारी दी। पुलिस ने जांच शुरू की तो वह घर से खाली हाथ निकलती दिखाई दी, लेकिन कुछ दूर जाने पर अपने कपड़े ठीक करती नजर आई। इससे पुलिस को उस पर शक हो गया।

**जांच के दौरान पुलिस को 19 सेकेंड का एक सीसीटीवी फुटेज मिला। इसमें नाबालिग चोरी के बाद घर से खाली हाथ निकलती दिखाई दी, लेकिन कुछ दूर जाने पर अपने कपड़े ठीक करती नजर आई। इसी हरकत से पुलिस को संदेह हुआ कि चोरी का सामान उसने कपड़ों के भीतर छिपाया हो सकता है।**



### लोकेशन ट्रेस कर नाबालिग तक पहुंची पुलिस


पुलिस ने इन नंबरों को ट्रेस कर 15 से 20 लोगों को पूछताछ के लिए बुलाया। इनमें से अधिकांश ऑटो-रिक्शा चालक और पानवाले निकले। पूछताछ में उन्होंने बताया कि युनूस नाम के लड़के ने उनसे मोबाइल लेकर बात की थी। इससे पुलिस को नाबालिग के बॉयफ्रेंड के बारे में जानकारी मिली। इसके बाद पुलिस ने लोकेशन ट्रेस कर दोनों को राजस्थान से गिरफ्तार कर लिया। डीसीपी सेंट्रल के मुताबिक, आरोपियों के पास से सोने का कड़ा, सोने के बिस्कुट, गले का हार, कान के टॉप्स, एक टूटा सोने का कड़ा, 24 हजार रुपये नकद और एक मोबाइल फोन बरामद किया गया।

## हादसे में तीन लोग घायल, पुलिस ने अस्पताल पहुंचाया

# ट्रक-डंपर में टक्कर के बाद लगी आग

तमसा संकेत, एजेंसी

उन्नाव। उन्नाव के आसीवन थाना क्षेत्र में अजमत नगर गांव के पास उन्नाव-संडीला मार्ग पर शनिवार देर रात एक ट्रक और डंपर की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। यह हादसा रात करीब तीन बजे हुआ। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों वाहनों में आग लग गई, जिसमें तीन लोग घायल हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, तेज रफ्तार ट्रक और डंपर की टक्कर के बाद आग की लपटें तेजी से फैल गईं। आग को विकराल रूप लेते देख आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय निवासियों ने तत्काल घटना की



सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही आसीवन थाना प्रभारी प्रदीप कुमार सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने तुरंत राहत और बचाव कार्य शुरू किया और फायर ब्रिगेड को घटना की जानकारी दी। मौके पर पहुंची दमकल की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद दोनों वाहनों में लगी आग पर काबू पाया।

**आसीवन थाना प्रभारी प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि घायल चालकों और परिचालक को मियागंज और सफीपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में भर्ती कराया गया है। सभी घायलों की हालत सामान्य बताई जा रही है। फायर ब्रिगेड की मदद से आग पर पूरी तरह काबू पा लिया गया है।**

# डीएम ने बड़ी मालियत की संपत्तियों का निरीक्षण किया

## बड़ी संगत की जमीन की परखी पारदर्शिता, गुणवत्ता पर दिया जोर

तमसा संकेत, एजेंसी

सीतापुर। सीतापुर में जिलाधिकारी राजागणपति आर ने शनिवार दोपहर करीब 2 बजे बड़ी मालियत के लेखपत्रों के अंतर्गत विवादित बड़ी संगत की संपत्तियों का स्थलीय निरीक्षण कर संबंधित अभिलेखों एवं संपत्तियों का सत्यापन किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने राजस्व एवं निबंधन संबंधी कार्यों में पूर्ण पारदर्शिता, गुणवत्ता तथा निर्धारित मानकों के अनुपालन के निर्देश अधिकारियों को दिए। निरीक्षण के दौरान संबंधित अभिलेखों का गहन परीक्षण किया गया तथा विलेखों के आधार पर अंतरित संपत्तियों का मौके पर सत्यापन किया गया। जिलाधिकारी ने अधिकारियों से निरीक्षण संबंधी



सभी बिंदुओं की जानकारी प्राप्त की और आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। माह मई 2026 के बड़ी मालियत के लेखपत्रों के निरीक्षण अभियान के अंतर्गत जिलाधिकारी ने तहसील महमूदाबाद के ग्राम बेहटा छावनी स्थित पंजीकृत विलेख संख्या 4228/2026 तथा महमूदाबाद नगर क्षेत्र की पंजीकृत विलेख संख्या 4227/2026 से अंतरित संपत्तियों का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान सहायक महानिरीक्षक निबंधन, सीतापुर भी उपस्थित रहे। जिलाधिकारी राजागणपति आर ने कहा कि बड़ी मालियत के लेखपत्रों की नियमित जांच से राजस्व हितों की सुरक्षा सुनिश्चित होगी तथा संपत्ति पंजीकरण प्रक्रिया में पारदर्शिता बनी रहेगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि निबंधन एवं राजस्व से जुड़े सभी कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण ढंग से संपादित किए जाएं, ताकि किसी भी प्रकार की अनियमितता की संभावना न रहे। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि निरीक्षण के दौरान किसी भी प्रकार की अनियमितता अथवा नियमों के उल्लंघन का मामला सामने आता है तो संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी।

**सख्ती : सुरक्षा मानकों से समझौता नहीं, फायर एनओसी भ्रष्टाचार पर होगी कार्रवाई**

# डीआईजी ने बेसमेंट कोचिंग, लाइब्रेरी बंद करने के निर्देश दिए

तमसा संकेत, एजेंसी

गोंडा। लखनऊ कोचिंग अग्निकांड के बाद डीआईजी अशोक कुमार शुक्ला ने आज शनिवार को गोंडा, बलरामपुर, श्रावस्ती और बहराइच जिलों में कोचिंग व लाइब्रेरी को लेकर सख्ती दिखाई है। उन्होंने चारों जिलों के पुलिस, फायर और शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देश जारी किए हैं। डीआईजी ने आदेश दिया है कि जहां कहीं भी बेसमेंट में लाइब्रेरी और कोचिंग संचालित हो रहे हों, उन्हें तत्काल प्रभाव से बंद कराया जाए। सुरक्षा मानकों को दरकिनार कर चल रही ऐसी सभी संस्थाओं के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। डीआईजी शुक्ला ने स्पष्ट किया कि बच्चों की सुरक्षा से कोई





समझौता नहीं किया जाएगा और लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई होगी। फायर एनओसी (अनापत्ति प्रमाण पत्र) जारी करने में भ्रष्टाचार की शिकायतों पर भी डीआईजी ने कड़ा रुख अपनाया है। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि फायर एनओसी देने में भ्रष्टाचार की जानकारी उनके संज्ञान में आई, तो फायर विभाग के संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई की जाएगी। डीआईजी अशोक कुमार शुक्ला ने बताया कि उन्हें लगातार फायर एनओसी देने में भ्रष्टाचार की शिकायतें मिल रही हैं। उन्होंने कहा कि अक्सर पब्लिक और फायर विभाग के अधिकारी समझौता कर लेते हैं, जिसकी बड़ी कीमत चुकानी पड़ती है। अब ऐसा नहीं चलेगा। उन्होंने चारों जिलों से बिना मानक और सुरक्षा के चल रही कोचिंग व लाइब्रेरी की रिपोर्ट भी मांगी है। डीआईजी ने विशेष रूप से गोंडा जिले में फायर एनओसी भ्रष्टाचार को लेकर सख्त चेतावनी दी। उन्होंने कहा, अगर गोंडा जिले में भ्रष्टाचार हुआ है, तो इसे बिल्कुल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मैं ऐसे अधिकारियों को ट्रैप करवाऊंगा और जेल भेजूंगा। उन्होंने सभी भ्रष्ट अधिकारियों को सुधरने की सलाह देते हुए कहा कि उन पर लगातार नजर रखी जा रही है।

# 60 करोड़ों की सरकारी जमीन से अतिक्रमण हटाया

कब्जा मुक्ता

## नगर आयुक्त ने ड्रोन से सर्वे कराकर बुलडोजर चलवाया

**तमसा संकेत, एजेंसी**

अलीगढ़। अलीगढ़ नगर निगम ने शनिवार को खैर रोड पर करोड़ों रुपए की सरकारी जमीन को कब्जा मुक्ता कराया है। जिला प्रशासन और नगर निगम की संयुक्त टीम ने सांवरिया लॉज के सामने करीब 60 करोड़ रुपए की बेशकीमती सरकारी जमीन को अवैध कब्जे से मुक्त करा लिया है। इस दौरान टीम को लोगों के विरोध का सामना भी करना पड़ा। नगर आयुक्त प्रेम प्रकाश मीणा को खैर पर बेशकीमती सरकारी जमीन पर अवैध कब्जे की जानकारी मिली थी। इसके बाद नगर निगम और तहसील कोल की एक संयुक्त टीम का गठन किया गया था। शनिवार को सहायक नगर आयुक्त वीर सिंह, संपत्ति लिपिक विजय गुप्ता और कोल तहसील की नायब तहसीलदार श्वेता सिंह के नेतृत्व में टीम भारी पुलिस बल और बुलडोजर के साथ मौके पर पहुंची। सरकारी भूमि पर किसी भी प्रकार के अवैध कब्जे को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। खैर रोड पर की गई यह कार्रवाई अवैध अतिक्रमण करने वालों को चेतावनी है। आने वाले दिनों में भी सरकारी जमीनों को मुक्त कराने का यह अभियान पूरी पारदर्शिता और विधिक प्रक्रिया के साथ निरंतर जारी रहेगा।



नगर निगम ने खैर रोड पर करोड़ों रुपए की बेशकीमती जमीन को कब्जामुक्त कराकर बोर्ड लगाया।

पुलिस बल और बुलडोजर को देखकर अवैध कब्जा करने वालों में हड़कंप मच गया। थोड़ी ही देर में बुलडोजर ने पूरी जमीन को कब्जा मुक्त कर दियसा।

कार्रवाई पूरी होने पर नगर निगम की टीम ने मुक्त कराई गई जमीन पर अपना आधिकारिक स्वामित्व बोर्ड लगा दिया है।

किसी भी प्रकार के विरोध या कानून-व्यवस्था की स्थिति से निपटने के लिए नगर आयुक्त के स्तर से डीएम और एसएसपी को पत्र भेजकर पर्याप्त पुलिस बल, महिला पुलिस बल और मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई।

इसके बाद इस संपत्ति का ड्रोन सर्वे कराकर एक नक्शा भी तैयार किया गया था।

### अवैध कब्जा करने वालों पर होगी एफआईआर

नगर आयुक्त ने कहा कि नगर निगम की सार्वजनिक और सरकारी संपत्तियों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। सरकारी भूमि पर किसी भी प्रकार के अवैध कब्जे को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। खैर रोड पर की गई यह कार्रवाई अवैध अतिक्रमण करने वालों को चेतावनी है। आने वाले दिनों में भी सरकारी जमीनों को मुक्त कराने का यह अभियान पूरी पारदर्शिता और विधिक प्रक्रिया के साथ निरंतर जारी रहेगा।



खैर रोड पर सरकारी जमीन को कब्जा मुक्त कराने पहुंची नगर निगम की टीम को विरोध का सामना करना पड़ा।

### पहले ड्रोन सर्वे, फिर पैमाइश

नगर आयुक्त प्रेम प्रकाश मीणा ने बताया कि यह कार्रवाई अचानक नहीं, बल्कि पूरी पारदर्शिता और कानूनी प्रक्रिया के तहत की गई है। उन्होंने बताया कि यह भूमि ग्राम कस्बा कोल के गाटा संख्या-2516 (खैर रोड, सांवरिया लॉज के सामने) पर स्थित है। इसका कुल क्षेत्रफल लगभग 2.098 हेक्टेयर है। कार्रवाई से पहले राजस्व विभाग और नगर निगम की संयुक्त टीम ने जमीन की सटीक पैमाइश और चिन्हांकन किया था।

# काम के लिए जा रहे युवक की मौत

## गश्त खाकर गिरा, इलाज के दौरान दम तोड़ा

**तमसा संकेत, एजेंसी**

झांसी। झांसी में काम के लिए जा रहे एक युवक की मौत हो गई। वह अपने दो दोस्तों के साथ गाड़ी में सवार था। रास्ते में टायलेट के लिए उतरा तो गश्त खाकर गिर गया। आनन फानन में दोस्तों ने मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। जहां पर इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। परिजनों की मांग है कि पुलिस जांच कर मौत की सच्चाई सामने लाए। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। पूरा मामला सदर बाजार थाना क्षेत्र के भगवंतपुरा गांव के पास का है मृतक का नाम पप्पू उर्फ अजय यादव (35) पुत्र करनसिंह यादव था। वह कोतवाली थाना क्षेत्र के नई बस्ती में रहता था। मृतक के भतीजे जितेंद्र यादव ने



बताया- मेरे चाचा पप्पू मजदूरी करते थे। शुक्रवार शाम को दो दोस्त उनको काम के लिए अपने साथ ले गए थे। रात लगभग 8:30 बजे फोन आया कि चाचा की तबीयत खराब है। तब हम लोग मेडिकल कॉलेज पहुंचे। यहां पर चाचा की मौत हो चुकी है। अभी मौत के कारण पता नहीं चल पाए हैं। पुलिस जांच कर सच्चाई सामने लाए। सदर बाजार थाना प्रभारी महेश कुमार ने बताया- पप्पू अपने दो साथियों के साथ काम के लिए जा रहा था।

फास्ट न्यूज

### बुलेट नहीं मिली तो बारात नहीं आई

सहारनपुर। सहारनपुर के 62 फुटा रोड स्थित ताज पैलेस में शनिवार को होने वाली एक शादी उस समय मातम में बदल गई, जब कांधला से आने वाली बारात दहेज की अतिरिक्त मांग पूरी न होने पर नहीं पहुंची। शादी की सभी तैयारियां पूरी थीं, दुल्हन सुबह से दुल्हन के जोड़े में मंडप में बैठकर बारात का इंतजार करती रही, लेकिन दूल्हा और उसके परिजन नहीं पहुंचे। देखते ही देखते खुशियों का माहौल मायूसी में बदल गया।

### उद्योग बंधु बैठक में प्रदूषण और महंगी किताबों का मुद्दा

सोनभद्र। सोनभद्र में मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) की अध्यक्षता में उद्योग बंधु की बैठक संपन्न हुई। इस दौरान पूर्व में उठाए गए विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन के जिला अध्यक्ष कौशल शर्मा ने जिला प्रशासन की सकारात्मक पहल की सराहना की। बैठक में मिर्जापुर डिपो की रोडवेज बसों के संचालन को लेकर एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। पहले ये बसें फ्लाई ओवर के नीचे से संचालित हो रही थीं, जिसे बंद कर अब डिपो से ही चलाने का आदेश दिया गया है। व्यापारियों ने इस निर्णय का स्वागत किया।

### कूड़ा डालने को लेकर हुआ विवाद, दो गुटों में मारपीट

गोंडा। गोंडा जिले के छपिया थाना क्षेत्र के मेहनिया गांव में शनिवार सुबह 11 बजे कूड़ा फेंकने को लेकर दो गुटों में जमकर मारपीट हुई है। बारिश के कारण घर के सामने कचरा जमा होने और उसे गड्ढे में फेंकने को लेकर विवाद शुरू हुआ, जो गाली-गलौज के बाद मारपीट में बदल गया। मोहम्मद रिजवान और अल्तारखा गुट के लोगों ने एक-दूसरे पर लाठी-डंडों से हमला किया।

## आगरा में सड़क पर घसीटा, पूर्व मंत्री पर अब तक 20 लाख का इनाम

# युवक को स्वामी प्रसाद का मुखौटा पहनाया, लात-घूसों से पीटा

**तमसा संकेत, एजेंसी**

आगरा। आगरा में शनिवार को पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य की भगवान श्रीराम और वीर हनुमान पर कथित विवादित टिप्पणी के विरोध में अखिल भारत हिंदू महासभा ने प्रदर्शन किया। शनिवार को कार्यकर्ताओं ने स्वामी प्रसाद मौर्य का मुखौटा पहनाए एक व्यक्ति के हाथ-पैर रस्सी से बांधे। इसके बाद उसकी प्रतीकात्मक पिटाई की गई। कार्यकर्ता उसे मानसिक चिकित्सालय तक ले गए। वहां सांकेतिक इलाज के नाम पर ओपीडी का पर्चा भी कटवाया। प्रदर्शन के दौरान हिंदू महासभा की जिलाध्यक्ष मीरा राठौर ने विवादित बयान दिया। उन्होंने स्वामी प्रसाद मौर्य की जीभ काटने और आंख



फोड़ने वाले को 5 लाख रुपए इनाम देने की घोषणा कर दी। इसके बाद मामला चर्चा में आ गया। दरअसल, अयोध्या स्थित राम मंदिर में चढ़ावा और आभूषण चोरी के मामले पर स्वामी प्रसाद मौर्य ने प्रतिक्रिया दी थी। 23 जून को गाजीपुर में एक कार्यक्रम के दौरान स्वामी प्रसाद मौर्य ने कहा था- "अगर भगवान राम में ताकत होती तो जिस समय चोरी हुई, उसी समय चोर भस्म हो जाता। लेकिन चोर का बाल भी बांका नहीं हुआ। पृथ्वी पर पैदा होने वाला छोटा-सा बंदर सूर्य भगवान को निगल गया। यही अज्ञानता खत्म करने के लिए हम पढ़ाई करते हैं?" स्वामी प्रसाद मौर्य ने भगवान बुद्ध के विचारों का जिक्र करते हुए कहा था कि किसी बात को सिर्फ इसलिए नहीं मानना चाहिए क्योंकि वह किसी ग्रंथ में लिखी है। पहले उसे अपने दिमाग की कसौटी पर परखना चाहिए। उनके इस बयान का वीडियो बुधवार को सामने आया था। स्वामी ने कहा- राम मंदिर से करोड़ों रुपए लुटेरे लूट ले गए। चांदी-सोना भी उड़ा ले गए। लेकिन, भगवान राम उन लुटेरों को सजा नहीं दे पाए, तो आपका भला क्या करेंगे? जो अपने मंदिर की रक्षा नहीं कर सकता, वह आपकी क्या रक्षा करेगा? यह सवाल उठता है।

स्वामी प्रसाद मौर्य के खिलाफ हुए विरोध-प्रदर्शन का नेतृत्व अखिल भारत हिंदू महासभा की जिलाध्यक्ष मीरा राठौर और महिला मोर्चा महानगर अध्यक्ष निशा ठाकुर ने किया। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने संगठन के मंडल अध्यक्ष नितेश भारद्वाज को स्वामी प्रसाद मौर्य का मुखौटा पहनाया। इसके बाद उनके हाथ-पैर रस्सियों से बांधे गए।

# अनंत डिजिटल लाइब्रेरी पर पड़ा ताला

## लखनऊ अग्निकांड के बाद बीडीए का एक्शन, बिना रजिस्ट्रेशन और सुरक्षा मानकों के चल रही थी लाइब्रेरी

**तमसा संकेत, एजेंसी**

बरेली। बरेली में लखनऊ कोचिंग अग्निकांड के बाद प्रशासन की सख्ती लगातार बढ़ती जा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर जिले में अवैध रूप से संचालित कोचिंग सेंटरों और डिजिटल लाइब्रेरी की जांच अभियान पांचवें दिन भी जारी रहा। शनिवार को संयुक्त टीम ने बदायूं रोड स्थित अनंत डिजिटल लाइब्रेरी पर कार्रवाई करते हुए उसे सील कर दिया। जांच के दौरान लाइब्रेरी में कई गंभीर अनियमितताएं मिलीं, जिसके बाद मौके पर ही सीलिंग की कार्रवाई की गई। डीएम अविनाश सिंह के निर्देश पर गठित पुलिस, प्रशासन, बरेली विकास प्राधिकरण (BDA), फायर विभाग और शिक्षा विभाग की संयुक्त टीम शनिवार शाम करीब चार बजे बदायूं रोड स्थित अनंत कोचिंग परिसर पहुंची। निरीक्षण के दौरान टीम ने देखा कि भवन की दूसरी मंजिल पर



डिजिटल लाइब्रेरी संचालित की जा रही है। इसके बाद अधिकारियों ने लाइब्रेरी से जुड़े सभी दस्तावेजों और भवन की सुरक्षा व्यवस्था की गहन जांच शुरू की। जांच के दौरान पता चला कि डिजिटल लाइब्रेरी का रजिस्ट्रेशन भी नहीं कराया गया था। इतना ही नहीं, फायर विभाग से अनापत्ति प्रमाण पत्र (NOC) भी नहीं लिया गया था। अधिकारियों ने जब भवन के अभिलेखों की जांच की तो यह भी सामने आया कि बरेली विकास प्राधिकरण (BDA) से भवन का नक्शा स्वीकृत नहीं कराया गया था। इन कमियों को सुरक्षा की दृष्टि से गंभीर माना गया।

### रेजिडेंशियल भवन में चल रही थी व्यावसायिक गतिविधि

*संयुक्त टीम की जांच में यह भी सामने आया कि जिस भवन में डिजिटल लाइब्रेरी संचालित हो रही थी, वह आवासीय (रेजिडेंशियल) उपयोग के लिए स्वीकृत है। इसके बावजूद वहां व्यावसायिक गतिविधि संचालित की जा रही थी। अधिकारियों का कहना है कि ऐसे भवनों में बड़ी संख्या में छात्रों का बैठना किसी भी आपात स्थिति में गंभीर खतरा पैदा कर सकता है। इसी वजह से नियमों का उल्लंघन मानते हुए तत्काल कार्रवाई की गई। सभी बिंदुओं की जांच पूरी होने के बाद BDA ने डिजिटल लाइब्रेरी को तत्काल प्रभाव से सील कर दिया। जिन संस्थानों में सुरक्षा मानकों की अनदेखी, बिना अनुमति संचालन या भवन नियमों का उल्लंघन मिलेगा, उनके खिलाफ आगे भी इसी तरह की सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।*

# अलीगढ़ में 8वीं तक के स्कूलों का समय बदला

## अब सुबह 7:30 बजे से खुलेंगे, गर्मी को देखते हुए बीएसए ने जारी किया आदेश

**तमसा संकेत, एजेंसी**

अलीगढ़। अलीगढ़ में 8वीं तक के स्कूल अब सुबह 7:30 बजे से खुलेंगे। 12:30 बजे स्कूलों की छुट्टी होगी। भीषण गर्मी को देखते हुए ये निर्णय लिया गया है। ये आदेश आज जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी(बीएसए) ने जारी किया है। इस बारे में सभी स्कूलों को अवगत भी करा दिया गया है। आदेश का पालन न करने वाले स्कूलों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। बीएसए ने बताया कि गर्मी के मौसम में बच्चों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया है। अगले एक हफ्ते तक सभी संबंधित स्कूल जारी आदेश के अनुसार ही संचालित होंगे। शनिवार को अलीगढ़ में तेज धूप निकली है। आज का अधिकतम तापमान 41






डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। हालांकि तेज धूप के कारण लोगों को 47 डिग्री सेल्सियस जैसी गर्मी महसूस हो रही है। डॉक्टरों के अनुसार-छोटे बच्चों के लिए लंबे समय तक बाहर रहना स्वास्थ्य के लिए ठीक नहीं है। मौसम विभाग के अनुसार दोपहर के समय सूर्य की किरणें सबसे तेज पड़ रही है। इस दौरान यूवी इंडेक्स 8 से 10 के बीच बना हुआ है, जो त्वचा और स्वास्थ्य के लिए नुकसानदायक माना जाता है। दोपहर 12:30 बजे के बाद बच्चों का स्कूल से घर लौटना लू और हीट स्ट्रोक का खतरा बढ़ा सकता था। इसी को देखते हुए समय रहते स्कूलों के संचालन का समय बदलने का फैसला लिया गया है।

## जन सभा में एसी आयोग को लेकर दिया था बयान, मथुरा पुलिस जांच में जुटी

# आरएलडी के राष्ट्रीय महासचिव के खिलाफ दर्ज हुई एफआईआर

**तमसा संकेत, एजेंसी**

मथुरा। मथुरा के थाना हाई वे में राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय महासचिव के खिलाफ अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति नृशंसता निवारण अधिनियम के तहत मुकद्दमा दर्ज किया गया है। यह मुकद्दमा ऑल इंडिया फेडरेशन ऑफ SC/ ST ऑर्गेनाइजेशन के सचिव द्वारा अनुसूचित जाति आयोग में की गई शिकायत के आधार पर दर्ज किया गया है। पुलिस ने मुकद्दमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आयोग को ऑल इंडिया फेडरेशन ऑफ SC/ST ऑर्गेनाइजेशन के राजिंदर प्रसाद द्वारा की गई शिकायत में आरोप लगाया गया कि 27 मई 2025 को सुबह 10 बजे मथुरा के थाना हाईवे क्षेत्र में स्थित BP इमरेल्ड में एक जनसभा हुई थी। जिसमें शामिल होने के लिए राष्ट्रीय लोकदल




के राष्ट्रीय महासचिव त्रिलोक त्यागी आए थे। इस सभा में त्रिलोक त्यागी ने अनुसूचित जाति आयोग के लिए अपमानजनक और असंवैधानिक शब्दों का इस्तेमाल किया था। यह अनुच्छेद 338 के तहत संवैधानिक गरिमा और अनुसूचित जातियों की गरिमा का उल्लंघन है। राजिंदर प्रसाद द्वारा आयोग में की गई शिकायत के आधार पर मथुरा के थाना हाई वे में शुक्रवार को BNS की धारा 352,अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति नृशंसता निवारण अधिनियम 1989 की धारा

### समुदाय सामाजिक भेदभाव का कर रहा सामना

राजिंदर प्रसाद ने शिकायत में कहा है कि जो समुदाय लगातार सामाजिक भेदभाव का सामना कर रहे हैं,उनके खिलाफ जानबुझकर,सोच समझकर किए गए अपमानजनक या डराने धमकाने वाले काम जिनका मकसद सार्वजनिक रूप से अनुसूचित जाति के किसी सदस्य को नीचा दिखाना हो यह SC - ST अत्याचार निवारण अधिनियम 1989 की धारा 31U, नागरिक अधिकार अधिनियम 1955 और मानवाधिकार अधिनियम 1993 के तहत अपराध माने जाते हैं।

3(1) द और 3(1) घ में मुकद्दमा दर्ज कर लिया है।




27 मई 2025 को सुबह 10 बजे मथुरा के थाना हाईवे क्षेत्र में स्थित BP इमरेल्ड में एक कार्यक्रम हुआ था

### 30 जुलाई को की शिकायत

राजिंदर प्रसाद ने शिकायत में कहा है कि उन्होंने 30 जुलाई 2025 को शिकायत दर्ज कराई थी। लेकिन आजतक कोई कार्रवाई नहीं हुई। एक बार फिर त्रिलोक त्यागी के खिलाफ शिकायत दे रहे हैं। शिकायत में आरोप है कि त्रिलोक त्यागी द्वारा जानबूझकर और अपमानजनक तरीके से आयोग के खिलाफ अपमानजनक शब्द का इस्तेमाल किया था।

## पृष्ठ 01 का शेष...

### पिछली सरकारों के...

उत्तर प्रदेश अब देश-दुनिया के निवेशकों की पहली पसंद बन रहा है। सिंगल विंडो सिस्टम, बेहतर कानून-व्यवस्था और निवेशक अनुकूल नीतियों से प्रदेश में बड़े पैमाने पर निवेश आ रहा है। यूपी को इलेक्ट्रॉनिक कंपोनेंट निर्माण का ग्लोबल हब बनाने की दिशा में तेजी से काम हो रहा है। इससे जिन उत्पादों का भारत आयात करता है, उन्हें अब देश में बनाकर दुनिया को निर्यात किया जा सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि एक समय था जब उत्तर प्रदेश पहचान के संकट से जूझ रहा था, लेकिन आज प्रदेश अपनी नई पहचान के साथ देश-दुनिया के निवेशकों को आकर्षित कर रहा है। कानून व्यवस्था में सुधार, सेक्टोरल पॉलिसियों और 75 हजार एकड़ के विशाल लैंड बैंक के कारण हर क्षेत्र के निवेशकों के लिए उत्तर प्रदेश सबसे उपयुक्त बन चुका है। सरकार प्रत्येक क्षेत्र के लिए स्पष्ट नीति लेकर आई है। कोई भी निवेशक इन नीतियों के दायरे में आकर निवेश कर सकता है। सरकार समय पर इंसेंटिव देती है, सिंगल विंडो प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराती है और बिना किसी मानवीय हस्तक्षेप के निवेश की पूरी प्रक्रिया संपन्न होती है। विश्व एमएसएमई दिवस का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी भी बड़े उद्योग की मजबूत नींव एमएसएमई सेक्टर ही होता है। विकसित भारत का सपना तभी साकार होगा, जब देश में मैन्युफैक्चरिंग को तेज गति मिलेगी। 2017 से पहले प्रदेश का शिल्पकार और कारीगर निराश था। सरकार ने समितियां बनाकर उनका विश्वास जीता और तकनीकी सहायता उपलब्ध कराई। आज 'वन डिस्ट्रिक्ट, वन प्रोडक्ट (ODOP)' पूरे देश के लिए एक मॉडल बन चुका है। सीएम योगी ने कहा कि कोविड-19 महामारी के दौरान जब अधिकांश गतिविधियां बंद थीं, तब भी एमएसएमई सेक्टर ने अर्थव्यवस्था को संभाले रखा। बड़ी संख्या में प्रवासी श्रमिकों को इसी क्षेत्र ने रोजगार दिया और प्रदेश का निर्यात 2 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचा। उन्होंने बताया कि 25 से 29 सितंबर तक उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो का आयोजन होगा, जो निवेश आकर्षित करने और नए व्यापारिक ऑर्डर हासिल करने का बड़ा अवसर साबित होगा।

### महाराष्ट्र में एग्जाम से ...

महाराष्ट्र में टीचर बनने के लिए या जो पहले से सरकारी टीचर हैं, उनके लिए भी TET कंपलसरी है। पिछले 5 साल में देश में 10 बड़े पेपर लीक के मामले सामने आए हैं। इनमें राजस्थान रीट (REET), यूपी पुलिस कांस्टेबल भर्ती परीक्षा और हाल ही में मई 2026 में हुए नीट यूजी (NEET-UG) जैसे बड़े एग्जाम्स शामिल हैं। NCTE ने शिक्षक पदों पर नियुक्त उम्मीदवारों को TET क्वालिफाई करने के लिए 5 साल का समय दिया, जिसे आगे चलकर 4 साल कर दिया था। NCTE के नोटिस के खिलाफ उम्मीदवारों ने कोर्ट का रुख किया। मद्रास HC बेंच ने जून 2025 में कहा कि जिन शिक्षकों की नियुक्ति 29 जुलाई 2011 से पहले हुई थी, उन्हें सेवा में बने रहने के लिए TET पास करने की बाध्यता नहीं है, लेकिन पदोन्नति के लिए TET पास करना अनिवार्य रहेगा। बाद में यह मामला अलग-अलग राज्यों से सुप्रीम कोर्ट पहुंचा। सुप्रीम कोर्ट ने पिछले साल 2 सितंबर कहा था कि शिक्षकों को सेवा में बने रहने या प्रमोशन के लिए टीईटी (शिक्षक पात्रता परीक्षा) पास करना जरूरी है। जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस मनमोहन की बेंच ने कहा था कि जिन शिक्षकों की नौकरी 5 साल से ज्यादा बची है, वे सभी इस नियम के दायरे में होंगे। कोर्ट ने TET पास करने की समय सीमा 31 अगस्त 2027 से बढ़ाकर 31 अगस्त 2028 कर दी।

टीईटी पास न करने वालों को या तो इस्तीफा देना होगा या फिर कंपल्सरी रिटायरमेंट लेना होगा। कोर्ट ने अनुच्छेद 142 के तहत विशेष अधिकारों का प्रयोग करते हुए ये निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि देश की शिक्षा और परीक्षा व्यवस्था वसूली का सिस्टम बन गई है। इससे देश का हर युवा असुरक्षित महसूस कर रहा है। यह सिर्फ पेपर लीक नहीं, बल्कि युवाओं के भविष्य की चोरी है।

### राम मंदिर ट्रस्ट का...

जेल सूत्रों ने मुताबिक, रामशंकर यादव उर्फ टिन्नू समेत 8 आरोपियों को फैजाबाद जेल में पहली रात नींद नहीं आई। सभी करवटें बदलते रहे। इस कांड को लेकर सभी आपस में चर्चा करते और कहासुनी भी करते रहे। सोमवार को उन्हें दोबारा कोर्ट में पेश किया जाएगा। इस बीच, कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने राम मंदिर में अरविंद केजरीवाल के VIP ट्रीटमेंट पर सवाल उठाए हैं। 'X' पर दो तस्वीरें शेयर कर पूछा- केजरीवाल के लिए कैमरे और विशेष छूट, लेकिन बाकियों के लिए कड़े नियम? कुछ दिन पहले जब मैंने दर्शन किए, तब व्यवस्था अलग थी। सरकार बताए कि ये रिश्ता क्या कहलाता है? चोरी का मामला पहली बार 7 जून को सामने आया। यूपी सरकार ने 13 जून को SIT बनाई। SIT ने 23 जून को एडिशनल चीफ सेक्रेटरी (गृह) संजय प्रसाद को प्रारंभिक रिपोर्ट सौंपी। 25 जून को ट्रस्ट के सदस्य कृष्ण मोहन की शिकायत पर पहली FIR दर्ज हुई। इसमें रामशंकर यादव उर्फ टिन्नू समेत 8 को नामजद किया गया। हालांकि, चंपत राय, डॉ. अनिल मिश्रा समेत अन्य बड़े पदाधिकारियों के नाम नहीं हैं। FIR दर्ज होने के कुछ घंटे बाद ही पुलिस ने टिन्नू समेत 8 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। शुक्रवार को सीजेएम कोर्ट ने सभी आरोपियों को तीन दिन के लिए जेल भेज दिया। शुक्रवार को ही मंदिर ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय और ट्रस्टी डॉ. अनिल मिश्रा ने इस्तीफा दे दिया। दरअसल, राम मंदिर में चढ़ावे के चोरी के आरोप में 13 जून को रुदौली के मीनापुर ठकुरन फगौली गांव में छापेमारी की गई थी। इसमें राम मंदिर में नौकरी करने वाले लवकुश मिश्रा (27) के घर से करीब 10 लाख रुपए टीम ने बरामद किए थे। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर 25 जून को जेल भेज दिया था। शनिवार को श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र (न्यास) ने प्रेस विज्ञप्ति जारी की है। इसमें कहा गया है कि श्रीराम मंदिर (अयोध्या) में पिछले कुछ दिनों से हुई घटनाओं से हम स्तब्ध, आहत और दुखी हैं। समस्त रामभक्तों औप रामसेवकों के प्रतिनिधि के रूप में यहां सेवा करने वाले हम इसकी न्यायपूर्ण जांच एवं रामभक्तों को आश्वस्त करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सूर्यपाल सिंह 'अम्मू जी' ने कहा- जो लोग तुरंत कार्रवाई करने में विश्वास रखते हैं, उन्होंने हमारी इस एप्लीकेशन पर कोई गौर नहीं किया। वहां के लोकल पुलिस स्टेशन के थानेदार, एसएचओ और सीओ या तो मुकदमा दर्ज करें, नहीं तो हम सड़कों पर उतरेंगे।

### मुंबई-मुहर्रम जुलूस ...

इसकी भी जांच की जा रही है।' जिंक फॉस्फाइड का इस्तेमाल मुख्य रूप से चूहों को मारने के लिए किया जाता है। यह गहरे भूरे या काले रंग का केमिकल होता है, जिसे दुनिया के सबसे खतरनाक रोडेंटिसाइड में गिना जाता है। जिंक फॉस्फाइड पेट में पहुंचने के बाद वहां मौजूद एसिड और नमी के संपर्क में आकर फॉस्फीन गैस बनाता है। यह गैस शरीर की कोशिकाओं को ऑक्सीजन का उपयोग करने से रोक देती है, जिससे कई अंग तेजी से फेल होने लगते हैं। जैसे-मेडिकल रिसर्च के मुताबिक जिंक फॉस्फाइड की बहुत कम मात्रा भी शरीर में जहर बना सकती है। इसकी घातकता व्यक्ति की उम्र, वजन और शरीर में पहुंची मात्रा पर निर्भर करती है। जिंक फॉस्फाइड का कोई विशेष एंटीडोट (प्रतिरोधी दवा) नहीं है। मरीज को केवल सपोर्टिव ट्रीटमेंट देकर बचाने की कोशिश की जाती है। जिंक फॉस्फाइड को भारत में कीटनाशक की श्रेणी में रखा गया है। इसकी बिक्री और उपयोग पर कीटनाशक अधिनियम, 1968 (Insecticides Act, 1968) और उससे जुड़े नियम लागू होते हैं। यदि जहरीले पदार्थ का इस्तेमाल किसी व्यक्ति या भीड़ को नुकसान पहुंचाने की साजिश में किया गया हो, तो भारतीय न्याय संहिता (BNS) के तहत हत्या के प्रयास, आपराधिक साजिश और सार्वजनिक सुरक्षा को खतरे में डालने जैसी गंभीर धाराएं लग सकती हैं।

# भारतीय हॉकी टीम ने पाकिस्तान को 7-1 से हराया

## पिछड़ने के बाद लगातार 7 गोल दागे, सभी गोल अलग-अलग प्लेयर्स ने किए

**शिकस्त**

- मैच के तीसरे क्वार्टर में भारत ने दबदबा और बढ़ा दिया। 34वें मिनट में मिले पेनल्टी स्ट्रोक पर हार्दिक सिंह ने गोल किया।
- इसके तुरंत बाद पाकिस्तान के पेनल्टी कॉर्नर विफल होने पर हुए जवाबी हमले में जुगराज सिंह ने चौथा गोल दागा।



गोल सेलिब्रेट करते भारतीय टीम के खिलाड़ी।

लंदन, एजेंसी

भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने FIH प्रो लीग में अपने चिर-प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को 7-1 से करारी शिकस्त दी। शुक्रवार रात को लंदन में भारतीय टीम एक समय 0-1 से पीछे चल रही थी। फिर उसने लगातार 7 गोल करके न केवल दमदार वापसी की, बल्कि पाकिस्तान को मैच से पूरी तरह बाहर कर दिया। टीम इंडिया की ओर से सुखजीत सिंह (20वें मिनट), हरमनप्रीत सिंह (26वें मिनट), हार्दिक सिंह (34वें मिनट में), जुगराज सिंह, अभिषेक (41वें मिनट), राजकुमार पाल (44वें मिनट) और दिलप्रीत सिंह (54वें मिनट ) ने एक-एक गोल दागे। पाकिस्तान से इकलौता गोल अबू महमूद (13वें मिनट) ने किया। अब भारतीय टीम लंदन चरण के अपने अंतिम मुकाबले में रविवार को इंग्लैंड से भिड़ेगी।

### कप्तान हरमन के गोल से इंडिया आगे हुआ

हाफ टाइम से पहले भारतीय टीम ने पाकिस्तान पर 2-1 की बढ़त हासिल कर ली। मैच के 26वें मिनट में कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल स्कोर किया और भारतीय टीम को आगे कर दिया।



पाकिस्तान ने 13वें मिनट में अबू महमूद के पेनल्टी कॉर्नर पर किए गए गोल से बढ़त बनाई। हालांकि, भारत ने जल्दी ही जवाब दिया। 20वें मिनट में सुखजीत सिंह ने हरमनप्रीत सिंह की पेनल्टी कॉर्नर पर आई गेंद को डिफ्लेक्ट कर स्कोर 1-1 कर दिया।



### अभिषेक ने रिवर्स हिट से फील्ड गोल दागा

41वें मिनट में अभिषेक ने शानदार रिवर्स हिट से भारत की बढ़त 5-1 कर दी। 44वें मिनट में लगातार मिले पेनल्टी कॉर्नर के बाद राजकुमार पाल ने रीबाउंड पर गोल किया। 54वें मिनट में दिलप्रीत सिंह ने मंदीप सिंह के पास पर गोल कर भारत की 7-1 की जीत तय कर दी।

# बारिश के कारण सीरीज गंवा बैठेगा भारत

## वैभव सूर्यवंशी का डेब्यू होगा फीका!



नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय क्रिकेट टीम इस समय आयरलैंड के दौरे पर है जहां शुक्रवार को उसे पहले टी20 मैच में हार का सामना करना पड़ा है। ये सीरीज दो ही मैचों की है और ऐसे में भारत पर सीरीज हार का खतरा मंडरा रहा है। दूसरा मैच रविवार को बेलफास्ट में ही खेला जाना है। इस मैच में भारत की कोशिश सीरीज बराबर करने की होगी। इस बीच भारत की नजरें मौसम पर भी रहेंगी। आयरलैंड और इंग्लैंड जैसे देशों का मौसम बदलता रहता है। यहां कभी भी बारिश हो सकती है तो कभी भी खुली धूप आ जाती है। ऐसे में जब भी यहां मैच होते हैं तो सभी की नजरें मौसम पर टिकी होती है। टीम इंडिया नहीं चाहेगी कि उसके हाथ से दूसरा मैच बारिश के कारण निकल जाए नहीं तो उसे आयरलैंड के हाथों पहली टी20 सीरीज हार झेलनी पड़ेगी। एक्यूवेदर की रिपोर्ट की मानें तो मैच वाले दिन बारिश के आसार हैं, लेकिन इसका असर मैच पर पड़े इसकी संभावना कम है। रिपोर्ट के मुताबिक कल सुबह हल्की बारिश हो सकती है बाकी पूरे दिन मौसम अच्छा रहेगा। धूप खिलने के साथ-साथ हवा चलने का भी अनुमान है। यानी इस अनुमान के मुताबिक, बारिश भारत से सीरीज छीनने की कोशिश नहीं करेगी। टीम इंडिया के पास पर्याप्त मौका होगा कि वह अपने दूसरा मैच जीत सीरीज में बराबरी करे और आयरलैंड से सम्मान के साथ विदाई ले।

# श्रेयस ने हार को कप्तानी की बेहतरीन शुरुआत बताया

## बोले- इस एक्सपीरियंस से आगे बेहतर करूंगा

बेलफास्ट, एजेंसी

भारत के नए टी-20 कप्तान श्रेयस अय्यर ने आयरलैंड से मिली हार को कप्तानी करियर की बेहतरीन शुरुआत बताया है। उन्होंने कहा- 'इन परिस्थितियों में खेलने का अच्छा अनुभव मिला। विकेट को समझने का मौका मिला। कप्तान के तौर पर यह मेरे लिए सीखने वाली शुरुआत है और आगे इससे काफी फायदा मिलेगा।'

31 साल के अय्यर ने मैच के बाद कहा- 'क्रिकेट में किसी भी चीज को हल्के में नहीं लिया जा सकता और जीत के लिए हर मैच में बुनियादी बातों पर अमल करना जरूरी है।' उन्होंने कहा- 'मैच जीतने के लिए हर पल मेहनत करनी पड़ती है।



आप सिर्फ मैदान पर उतरकर मैच नहीं जीत सकते।'

एक दिन पहले अय्यर की कप्तानी वाली टीम इंडिया आयरलैंड के खिलाफ टी-20 सीरीज का पहला मैच 34 रन से हार गई। यह हार इसलिए भी चुभने वाली है, क्योंकि, भारतीय टीम वर्ल्ड चैंपियन बनने के बाद अपना पहला ही मैच आयरलैंड से हारी है। आयरलैंड ने इंटरनेशनल क्रिकेट में पहली बार हराया है।

इस मैच में भारतीय कप्तान श्रेयस खुद भी बल्ले से प्रभाव नहीं छोड़ सके। वे सात गेंद में सिर्फ तीन रन बनाकर आउट हो गए। श्रेयस ने माना कि गेंदबाजों ने शुरुआत शानदार की थी, लेकिन बीच के ओवरों में टीम अपनी योजनाओं पर अमल नहीं कर सकी।

उन्होंने कहा, 'शुरुआत में हमारे गेंदबाजों ने शानदार गेंदबाजी की और शुरुआती विकेट भी निकाले। लेकिन, मिडिल ओवर्स में हमारी रणनीति सही नहीं रही। हमने बल्लेबाजों को सीधे मैदान के लंबे हिस्से में खेलने का मौका दिया, जबकि वहां बाउंड्री छोटी थी। मुझे लगा था कि अगर हम उन्हें 140 रन के आसपास रोकते तो लक्ष्य काफी बेहतर होता।'


## स्पेन ने 1-0 से हराया, ग्रुप-एच में टॉप किया ■ बेल्जियम और फ्रांस भी जीते

# 2 बार की चैंपियन उरुग्वे फुटबॉल वर्ल्ड कप से बाहर

नई दिल्ली, एजेंसी

2 बार की वर्ल्ड चैंपियन उरुग्वे फुटबॉल वर्ल्ड कप के लीग स्टेज से बाहर हो गई है। टीम इस एडिशन में एक भी मैच नहीं जीत सकी। उसे शनिवार को यूरोपियन चैंपियन स्पेन ने 1-0 से हराया। इस जीत के साथ स्पेन ने ग्रुप-एच के टॉप पर रहते हुए नॉकआउट राउंड में प्रवेश किया। अब उसका सामना राउंड ऑफ-32 में ग्रुप जे की उपविजेता टीम ऑस्ट्रिया या अल्जीरिया से होगा।

स्पेन के लिए मैच का एकमात्र गोल एलेक्स बाएना ने 42वें मिनट में किया। उनका शॉट उरुग्वे के अनुभवी गोलकीपर फर्नांडो मुस्लेरा रोक नहीं पाए। यह टूर्नामेंट में




मुस्लेरा की तीसरी बड़ी गलती रही। 40 साल गोलकीपर ने हाफटाइम पर खुद को बदलने का अनुरोध किया, जिसके बाद दूसरे हाफ में सर्जियो रोचेट ने गोलपोस्ट संभाला। उरुग्वे के मुख्य कोच मार्सेलो बिएल्सा ने टीम के खराब प्रदर्शन की जिम्मेदारी ली। उन्होंने कहा, 'इस समय कोई भी बहाने नहीं सुनना चाहता। इस निराशाजनक प्रदर्शन की जिम्मेदारी मेरी है। मेरे पास बेहतरीन खिलाड़ियों का समूह था, लेकिन मैं उनसे बेहतर परिणाम नहीं दिला सका।'

### केप वर्डे नॉकआउट में पहुंचने वाला सबसे छोटा देश

केप वर्डे फुटबॉल वर्ल्ड कप के नॉकआउट में पहुंचने वाला दुनिया का सबसे छोटा देश बन गया। वह तीन अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहा। उसने दिन के एक अन्य मैच में सऊदी अरब के साथ गोल रहित ड्रा खेला।

### फ्रांस ने नॉर्वे को हराकर ग्रुप-आई में टॉप किया

2 बार की चैंपियन फ्रांस, नॉर्वे और सेनेगल ने ग्रुप-आई से राउंड ऑफ 32 में जगह बना ली। दिन के सबसे चर्चित मुकाबले में फ्रांस ने नॉर्वे को 4-1 हराकर ग्रुप में टॉप पोजिशन हासिल की। नॉर्वे हार के बावजूद नंबर-2 पर रहकर नॉकआउट में पहुंचा। इस मुकाबले को एर्लिंग हालैंड और किलियन एमबाप्पे की टक्कर के रूप में देखा जा रहा था, लेकिन फ्रांस की जीत के हीरो उस्मान डेम्बेले रहे।



हार से गुस्साए उरुग्वे के मुख्य कोच मार्सेलो बिएल्सा।

एक अन्य मुकाबले में सेनेगल ने ईराक को 5-0 के बड़े अंतर से हराया। इस जीत का फायदा उसे गोल डिफरेंस में मिला। सेनेगल ने ज्यादा गोल डिफरेंस और अंकों के आधार पर तीसरे स्थान पर रहने वाली टीमों के टॉप-5 में जगह बनाई और नॉकआउट का टिकट हासिल किया।

## मनोरंजन

# धर्मेंद्र की यादों से सजा है हेमा मालिनी का 54 साल पुराना घर

## बेटी ऐशा ने दिखाया 'अद्वितीय' का एक-एक कोना

नई दिल्ली, एजेंसी

एक्ट्रेस से नेता बनीं हेमा मालिनी ने अपने मुंबई वाले घर के दरवाजे खोल दिए हैं और फैंस को उस घर की एक खास झलक दिखाई है, जिसे उन्होंने पांच दशकों से ज्यादा समय से प्यार से संवार कर रखा है। इस घर में उनके डांस रिहर्सल से लेकर, एक्सक्लूसिव वेजिटेरियन किचन और दिवंगत अभिनेता धर्मेंद्र के मेमोरियल तक की झलक दिखाई देती है। हेमा मालिनी का यह घर 54 साल पुराना है जिसका टूर उनकी बेटी ऐशा देओल ने हाल ही में कराया। 'कर्ली टेल्स' के साथ घर के टूर वाले एक हालिया वीडियो में,



उनकी बेटी ईशा देओल ने घर के शानदार और क्रिएटीव इंटीरियर को दिखाया और बताया कि यह सब उनके पिता, सुपरस्टार धर्मेंद्र की पर्सनैलिटी की झलक कैसे दिखाता है।

ईशा देओल ने बताया कि उनका परिवार इस घर में 54 सालों से रह रहा है। उन्होंने इसे कला, संस्कृति और आध्यात्मिकता से गहराई से जुड़ा घर बताया। बेज और सुनहरे रंगों से सजाए गए इस घर में रहने के लिए बड़ी जगह, शानदार फर्नीचर और चुनिंदा कलाकृतियां हैं, जो हेमा मालिनी के भारतीय शास्त्रीय कलाओं के प्रति प्रेम को दर्शाती हैं। घर का एंट्री गेट ही आपको अच्छा अनुभव देता है यहां लगी मूर्तियां और कलाकृतियां शास्त्रीय नृत्य की मुद्राओं को दर्शाती हैं, जो नृत्य के साथ परिवार के जीवन भर के जुड़ाव का प्रतीक हैं। ईशा के अनुसार, परिवार इस जगह पर पूजा, हवन और मेडिटेशन सेशन करता है, जिससे यह जगह सांस्कृतिक और आध्यात्मिक केंद्र बन जाती है।

### केतन मर्डर केस पर बोलीं कंगना रनोट

नई दिल्ली। रियल एस्टेट कारोबारी केतन अग्रवाल मर्डर केस पर एक्ट्रेस और सांसद कंगना रनोट ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। कंगना ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक पोस्ट शेयर कर कहा कि बच्चों के गलत कामों के लिए उनके माता-पिता या परिवार को दोषी नहीं ठहराना चाहिए।

आजकल बच्चों के संस्कार सिर्फ घर से तय नहीं होते, बल्कि सोशल मीडिया, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) और उनके दोस्त उन्हें प्रभावित करते हैं। लोहागढ़ किले में हुए इस हाई-प्रोफाइल मर्डर केस में पुलिस ने केतन की मंगेतर सिया गोयल और उसके बॉयफ्रेंड को गिरफ्तार किया है।

कंगना रनोट ने अपने पोस्ट में लिखा कि माता-पिता को बच्चों के किए पर दोष देना सही नहीं है। आज के समय में बच्चे किसके साथ उठते-बैठते हैं और किससे प्रभावित हो रहे हैं, यह ज्यादा जरूरी है।

## कहा- साईं बाबा की तस्वीर के पास है मोदी जी की तस्वीर, मंदिर के लड्डू खिलाती है

# सुनील शेट्टी की नातिन करती है मोदी की पूजा

नई दिल्ली। सुनील शेट्टी ने हाल ही में बताया है कि उनकी 15 महीने की नातिन इवारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की भक्त है। वो रोज उनकी तस्वीर देखती है और उन्हें गणेश मंदिर पर चढ़े लड्डू लाकर खिलाती है। सुनील शेट्टी ने हाल ही में टाइम्स नाऊ को दिए इंटरव्यू में कहा है, 'मैंने हमेशा कहा है कि मैं नरेंद्र मोदी का बहुत बड़ा फैन हूं। मैं किसी पार्टी की बात नहीं कर रहा, मैं लीडर की बात कर रहा हूं, जो मुझमें जोश भरता है। मुझे जितना मेरे देश से प्यार है, उतना उस इंसान से प्यार है। उनमें कुछ तो बात है। आप मानोगे नहीं, मेरी पोती 15 महीने की है। उसकी नैनी ने एक बार एयरपोर्ट में उसे उनकी (मोदी जी की) तस्वीर दिखाई थी। आज वो हर रोज सुबह आती है, उसके पास एक साईं बाबा की बुक है, जिसमें मोदी जी की बड़ी सी फोटो है, वो उसे खोलती है, मोदी जी-मोदी जी बोलती है।' आगे उन्होंने कहा, 'वो रोज गणपति की मूर्ति के पास जाती है, वहां से लड्डू लेकर आती और उन्हें खिलाती है। न मैंने कभी बोला, न नैनी ने कुछ बोला। नैनी ने सिर्फ उसे फोटो दिखाई थी।

सुनील शेट्टी की बेटी और एक्ट्रेस अथिया शेट्टी ने 23 जनवरी 2023 में क्रिकेटर के.एल.राहुल से शादी की थी। शादी के बाद मार्च 2025 में अथिया ने बेटी इवारा को जन्म दिया था। अथिया, बेटी के लिए नो फोटो पॉलिसी फॉलो करती हैं। उन्होंने आज तक बेटी की झलक नहीं दिखाई है।



### वेलकम टू द जंगल में नजर आए सुनील शेट्टी

सुनील शेट्टी की फिल्म वेलकम टू द जंगल 26 जून को सिनेमाघरों में रिलीज हुई है। फिल्म में अक्षय कुमार, रवीना टंडन, जैकलीन फर्नांडिस, दिशा पाटनी, परेश रावल, राजपाल यादव समेत कई कलाकार हैं। फिल्म ने पहले ही दिन भारत में 15 करोड़ रुपए का नेट बॉक्स ऑफिस ओपनिंग कलेक्शन किया है। वहीं फिल्म ने वर्ल्डवाइड 29 करोड़ की कमाई की है। इस फिल्म का क्लैश हॉलीवुड फिल्म सुपर गर्ल से हुआ है।

## कृति सेनन के साथ ब्रेकअप की अटकलें तेज हुईं, फैंस ने कबीर के रिश्ते पर सवाल उठाए

# दूसरी लड़की के साथ पार्टी करते दिखे कृति सेनन के रूमर्ड ब्वॉयफ्रेंड कबीर

**चर्चा**

नई दिल्ली, एजेंसी

काफी लंबे समय से सोशल मीडिया पर इस तरह की चर्चा है कि कृति सेनन (Kriti Sanon) बिजनेसमैन कबीर बहिया (Kabir Bahia) को डेट कर रही हैं। दोनों ने ऑफिशियल तौर पर इस मामले में कुछ नहीं बोला है लेकिन अक्सर इन्हें साथ में स्पॉट किया जाता है। कृति सेनन के बर्थडे के मौके पर साथ में दोनों वेकेशन पर थे। इसके अलावा कृति सेनन की छोटी बहन नुपुर की शादी में भी कबीर और कृति साथ दिखाई दिए। हालांकि अब हालात कुछ और ही नजर आ रहे हैं।



कई यूजर्स इस पर कमेंट कर रहे हैं। एक ने लिखा- 'क्या कृति को इसके बारे में पता है?' दूसरे ने कमेंट किया- 'मुझे कभी भी इससे अच्छी वाइब नहीं आई।' तीसरे ने कमेंट किया - 'हो सकता है वो कैसेनोवा हों?'

### कृति सेनन का हुआ ब्रेकअप?

रेडिट पर हाल ही में वायरल हो रही तस्वीरों में कबीर किसी और लड़की के साथ नजर आ रहे हैं। ऐसे में फैंस के मन में सवाल है कि क्या कबीर ने कृति सेनन के साथ ब्रेकअप कर लिया है? हालांकि ये तस्वीरें Reddit पर शेयर की गई पोस्ट की हैं जिसका असल में एक रील से स्क्रीनशॉट लिया गया है। यह रील 'आलिया मोहन' नाम के इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर की गई थी। इसे देखकर ऐसा लग रहा है कि कबीर अपने दोस्तों के साथ एक शादी की पार्टी में शामिल हुए थे।

बता दें कि कृति और कबीर की डेटिंग की खबरों के बाद से ही इनके बीच उम्र के अंतर को लेकर हमेशा चर्चा रहती है। कबीर कृति से 9 साल छोटे हैं।



# रणवीर सिंह के सपोर्ट में उतरे सुनील शेट्टी

नई दिल्ली। डॉन 3 विवाद में सुनील शेट्टी ने रणवीर सिंह का बचाव किया है। फिल्म छोड़ने की शिकायत के बाद उन्हें FWICE (फिल्म फेडरेशन ऑफ वेस्टर्न सिने एम्प्लॉय्ज) द्वारा बैन किया गया था। यानी विवाद खत्म होने तक फेडरेशन से जुड़ा कोई शख्स उनके साथ काम नहीं कर सकता था। इस पर सुनील शेट्टी का कहना है कि किसी के पास किसी एक्टर को बैन करने का अधिकार नहीं है। उनका कहना है कि रणवीर ने फिल्म इंडस्ट्री के रेवेन्यू में बड़ा योगदान दिया है। उन्हें ऐसे ही कोई बैन नहीं कर सकता। हाल ही में दिए इंटरव्यू में सुनील शेट्टी ने डॉन 3 विवाद पर कहा है, 'कोई भी किसी एक्टर को बैन नहीं कर सकता। कोई आर्ट को बैन नहीं कर सकता है। किसी के पास ये अधिकार नहीं। सुप्रीम कोर्ट इस मामले को एक सेकेंड में खारिज कर देगा। देखिए, दिक्कत ये है कि दोनों (फरहान और रणवीर) ही सेंसिबल हैं। फरहान भी एक बहुत सेंसिबल एक्टर, प्रोड्यूसर और डायरेक्टर हैं। और रणवीर भी। उसने अच्छा टाइम देखा है। मुझे लगता है कि अगर दोनों साथ बैठेंगे, तो मामला सुलझ जाएगा।' जब उनसे पूछा गया कि क्या वो ये मामला सुलझा सकते हैं, तो जवाब में उन्होंने कहा, 'नहीं मैं इस मामले में दखल नहीं दूंगा, क्योंकि कई लोग पहले ही बात कर चुके हैं।

राष्ट्रीय दिवस समारोह में बतौर चीफ गेस्ट शामिल होंगे, यहां हर 8वां व्यक्ति भारतीय मूल का

# पीएम मोदी सेशेल्स रवाना 11 साल में दूसरा दौरा



चर्चा

**विक्टोरिया, एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 27 से 29 जून तक तीन दिन सेशेल्स दौरे के लिए शनिवार सुबह 8.50 बजे रवाना हुए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सेशेल्स के राष्ट्रपति डॉ. पैट्रिक हर्मिनी के निमंत्रण पर वहां जा रहे हैं। मोदी सेशेल्स की आजादी के 50 साल पूरे होने के समारोह में मुख्य अतिथि होंगे। इस मौके पर होने वाली परेड में भारतीय सशस्त्र बलों की एक टुकड़ी और भारतीय नौसेना के दो युद्धपोत भी हिस्सा लेंगे।



मोदी सेशेल्स के राष्ट्रपति डॉ. पैट्रिक हर्मिनी के साथ क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर भी चर्चा करेंगे। इसके अलावा सेशेल्स की राष्ट्रीय विधानसभा को भी संबोधित करेंगे। सेशेल्स में रहने वाले भारतीय समुदाय से मुलाकात करेंगे।

> मोदी का पिछले 11 साल में यह दूसरा सेशेल्स का दौरा है। इससे पहले उन्होंने साल 2015 में इस द्वीप देश की यात्रा की थी। सेशेल्स की आबादी 1.35 लाख है। इसमें से 12 हजार के करीब लोग भारतीय मूल के हैं। यह करीब 8 से 9% हिस्सा है।

फरवरी 2026 में राष्ट्रपति हर्मिनी की भारत यात्रा के बाद अब इस दौरे में द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने पर चर्चा होगी। दोनों देश हिंद महासागर क्षेत्र में सुरक्षा, समृद्धि और विकास को आगे बढ़ाने के लिए मिलकर काम करेंगे।

### मोदी बोले- भारत और सेशेल्स के राजनयिक संबंधों के 50 साल पूरे

पीएम मोदी ने सेशल्स दौरे पर कहा- सेशेल्स भारत का महत्वपूर्ण समुद्री पड़ोसी और 'विजन महासागर (MAHASAGAR)' का प्रमुख साझेदार है। इस साल भारत और सेशेल्स के बीच राजनयिक संबंधों के 50 वर्ष पूरे हो रहे हैं। दोनों देशों के संबंध आपसी विश्वास, लोकतांत्रिक मूल्यों, विविधता के सम्मान और लोगों के गहरे जुड़ाव पर आधारित हैं।

मैं सेशेल्स की नेशनल असेंबली को संबोधित करने वाला पहला भारतीय प्रधानमंत्री बनूंगा। यह अवसर दोनों देशों के मजबूत लोकतांत्रिक मूल्यों और संसदीय परंपराओं को दर्शाता है। सेशेल्स में बसे भारतीय समुदाय से मिलने का भी अवसर मिलेगा, जिसने पीढ़ियों से दोनों देशों की मित्रता को मजबूत किया है।

### मोदी सेशेल्स जाने वाले सिर्फ दूसरे प्रधानमंत्री

इंदिरा गांधी ने साल 1976 में सेशेल्स गई थीं। उसी साल सेशेल्स आजाद हुआ था। भारत ने सेशेल्स के स्वतंत्रता समारोह में नौसेना का युद्धपोत आईएनएस नीलगिरि भी भेजा था। इसके बाद इंदिरा गांधी 1981 में फिर सेशेल्स का दौरा किया था। उनकी यात्रा के बाद, लगभग 34 साल तक किसी भी भारतीय प्रधानमंत्री ने सेशेल्स की यात्रा नहीं की थी। इस दौरे का सबसे बड़ा उद्देश्य हिंद महासागर क्षेत्र में भारत की रणनीतिक मौजूदगी और समुद्री सुरक्षा सहयोग को मजबूत करना था। मोदी की इस यात्रा के दौरान भारत ने सेशेल्स को दूसरा डोर्नियर समुद्री निगरानी विमान देने की घोषणा की, ताकि समुद्री निगरानी और तटीय सुरक्षा मजबूत हो सके।

## चांदी की कीमत 15432 कम होकर 2.17 लाख किलो हुई

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सोने-चांदी के दाम में इस हफ्ते गिरावट रही। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (IBJA) के अनुसार, 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 5,097 रुपए गिरकर 1.40 लाख रुपए हो गया है। इससे पहले ये बीते हफ्ते यानी 20 जून को 1.45 लाख रुपए पर था। वहीं, चांदी 2.32 लाख रुपए किलो से गिरकर 2.17 लाख रुपए पर आ गई है। यानी इसकी कीमत 15,432 रुपए कम हुई।

इस साल सोने-चांदी की कीमत में लगातार उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। 31 दिसंबर 2025 को सोने के दाम 1.33 लाख रुपए थे, जो 29 जनवरी को बढ़कर 1.76 लाख रुपए के सबसे ऊपरी स्तर पर पहुंच गए थे। तब से अब तक सोना 36 हजार रुपए सस्ता हो चुका है।

वहीं, चांदी के कीमत 31 दिसंबर 2025 को 2.30 लाख रुपए थी, जो 29 जनवरी को 3.86 लाख रुपए तक पहुंच गई थी। यह चांदी के अब तक की सबसे ज्यादा दाम थे। तब से अब तक 149 दिन में चांदी 1.69 लाख रुपए सस्ती हो गई है।



यूएस-ईरान समझौताः अमेरिका-ईरान के बीच युद्धविराम समझौता साइन हुआ है। इसकी वजह से पश्चिम एशिया में युद्ध का खतरा कम हो गया, जिससे निवेशकों ने सोने-चांदी जैसे 'सुरक्षित निवेश' से अपना पैसा निकालना शुरू कर दिया। यूएस फेडरल रिजर्व का रुखः फेडरल रिजर्व ने हाल ही में संकेत दिए हैं कि वह इस साल ब्याज दरों में कटौती करने के बजाय उन्हें बढ़ा सकता है। ब्याज दरें बढ़ने की उम्मीद से सोने जैसी बिना ब्याज वाली धातु की चमक कम हो जाती है।

फास्ट न्यूज

### शोएब अख्तर के भाई के जनाजे में दिखे लश्कर के आतंकी

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के पूर्व गेंदबाज शोएब अख्तर के बड़े भाई शाहिद अख्तर के अंतिम संस्कार को लेकर नया विवाद खड़ा हो गया है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो और तस्वीरों में आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैबा के राजनीतिक विंग के शीर्ष नेताओं और मुंबई हमले (26/11) के मास्टरमाइंड हाफिज सईद के करीबियों को कतार में खड़े होकर प्रार्थना करते देखा गया।

### यूरोप में गर्मी का कहर!

ब्रुसेल्स। यूरोप इन दिनों भीषण गर्मी की चपेट में है और रिकॉर्डतोड़ लू चल रही है। इस बीच नीदरलैंड्स ने गर्मी को लेकर अपना पहला रेड अलर्ट जारी किया और खतरनाक हालात की चेतावनी दी। नेशनल वेदर इंस्टीट्यूट ने देश के ज्यादातर हिस्सों के लिए अलर्ट जारी किया है, जहां कुछ जगहों पर तापमान 40 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने का अनुमान है। इसमें कहा गया, ?हालात खतरनाक हैं। सरकार और इमरजेंसी सेवाओं की सलाह का पालन करें।

रेड अलर्ट देश के 12 प्रांतों में से आठ पर लागू है, जबकि उत्तरी इलाके और जीलैंड के दक्षिणी प्रांत में ऑरेंज अलर्ट रहेगा।

### पाकिस्तान में लगे भूकंप के झटके

इस्लामाबाद। पाकिस्तान में शनिवार सुबह भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए हैं। जिसके कारण लोगों में अफरा-तफरी मच गई और लोग घरों से बाहर निकल गए। यूरोपीय-भूमध्यसागरीय भूकंपीय केंद्र (EMSC) के अनुसार, रिक्टर पैमाने पर पाकिस्तान में आए भूकंप की तीव्रता 5.4 मापी गई है। भूकंप का केंद्र जमीन से भीतर 35 किलोमीटर (22 मील) की गहराई में था।

## उबर इंडिया के सीईओ प्रभजीत सिंह ने इस्तीफा दिया

### सितंबर में ओपनएआई जॉइन करेंगे

**नई दिल्ली, एजेंसी**

उबर इंडिया के CEO प्रभजीत सिंह ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। वे सितंबर में चैटजीपीटी बनाने वाली कंपनी ओपनएआई के भारत ऑपरेशन्स में बतौर कंट्री मैनेजिंग डायरेक्टर (MD) शामिल होंगे।

प्रभजीत सिंह भारत में ओपनएआई के सबसे सीनियर लीडर होंगे और वे इसी साल मार्च में ओपनएआई के एशिया पैसिफिक के मैनेजिंग डायरेक्टर नियुक्त किए गए किरन मणी को रिपोर्ट करेंगे।

ओपनएआई ने एक बयान में कहा है कि प्रभजीत सिंह पर भारत में कंपनी के कंज्यूमर ग्रोथ, एंटरप्राइज अडॉप्शन, पार्टनरशिप, रेगुलेटरी एंगेजमेंट और ऑपरेशन्स की जिम्मेदारी होगी।

उनका फोकस पार्टनरशिप बनाने और भारत के बड़े एआई इकोसिस्टम को सपोर्ट करने पर रहेगा। साथ ही



वे कंज्यूमर्स, बिजनेस, संस्थानों और सरकारी संस्थाओं को एआई से फायदा पहुंचाने में मदद करेंगे।

आईआईटी कानपुर और आईआईएम अहमदाबाद के छात्र रहे प्रभजीत सिंह शुक्रवार तक उबर के भारत और दक्षिण एशिया बिजनेस के प्रेसिडेंट के रूप में काम कर रहे थे। उबर इंडिया से उनका जाना उनके एक दशक लंबे सफर का अंत है, जिसके दौरान उन्होंने भारत भर में उबर के विकास और विस्तार की देखरेख की।

प्रभजीत अगस्त 2015 में जनरल मैनेजर, हेड ऑफ स्ट्रेटजी के रूप में उबर से जुड़े थे।

करीब 3300 घायल, 51 हजार लापता, लोग खुद मलबा हटाकर अपनों को तलाश रहे

# वेनेजुएला में फिर भूकंप के झटके, अब तक 920 मौतें

**कराकस, वेनेजुएला, एजेंसी**

दक्षिण अमेरिकी देश वेनेजुएला में 25 जून को आए दो भूकंप के बाद स्थानीय समयानुसार शुक्रवार दोपहर को एक और भूकंप आया। देश के उत्तरी तट के पास आए इस भूकंप की तीव्रता 4.9 मापी गई है। रॉयटर्स के मुताबिक, राजधानी कराकास और माराके में भी झटके महसूस किए गए।

इधर, पिछले भूकंप के तीन दिन बाद मरने वालों की संख्या बढ़कर 920 हो गई है। 3360 से ज्यादा घायल हैं, जबकि 51,700 से ज्यादा लोग लापता हैं। अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि अब तक 243 लोगों को जिंदा बचाया गया है। मृतकों की संख्या और बढ़ सकती



है। कई इलाकों में राहत टीमों की कमी के कारण लोग परिजन को ढूंढ़ने के लिए खुद मलबा हटा रहे हैं। कई परिवार हथौड़ों और दूसरे औजारों से इमारतों का मलबा हटाकर अपने परिजन की तलाश कर रहे हैं। इंटरनेशनल रेस्क्यू कमेटी (IRC) की चीफ एलिनोर रेक्स ने बताया कि देश का मुख्य एयरपोर्ट क्षतिग्रस्त होने से बड़े पैमाने पर मदद पहुंचाने में दिक्कत हो रही है। उन्होंने कहा कि IRC के पास पड़ोसी देश कोलंबिया में राहत सामग्री मौजूद है, लेकिन उसे वेनेजुएला तक पहुंचाने के लिए एयरपोर्ट तक पहुंच जरूरी है, जो एक बड़ी चुनौती बना हुआ है। आने वाले दिनों में IRC की टीमें प्रभावित लोगों तक भोजन, पीने का पानी, अस्थायी आश्रय और स्वास्थ्य सेवाओं के लिए जरूरी दवाइयां व चिकित्सा सामग्री पहुंचाने पर ध्यान देंगी।


### रेस्क्यू कमेटी बोली- वेनेजुएला में राहत अभियान महीनों चलेगा

इंटरनेशनल रेस्क्यू कमेटी (IRC) की कार्यक्रम चीफ एलिनोर रेक्स ने कही कि वेनेजुएला में राहत और पुनर्वास का काम हफ्तों नहीं, बल्कि कई महीनों तक चल सकता है।रॉयटर्स से बातचीत में उन्होंने बताया कि भूकंप से देश को भारी नुकसान पहुंचा है। ऐसे में उनकी संस्था सार्वजनिक सेवाओं को फिर से मजबूत करने और प्रभावित लोगों तक जरूरी राहत सामग्री पहुंचाने के तरीकों पर काम कर रही है।

### राष्ट्रपति की लोगों से अपील- राहत कार्य में बाधा न डालें

वेनेजुएला की कार्यवाहक राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिगेज ने शुक्रवार को लोगों से अपील की कि वे फिलहाल ला गुआइरा राज्य न जाए, क्योंकि वहां भूकंप के बाद बचाव अभियान चल रहा है। सरकारी टीवी पर प्रसारित संदेश में रोड्रिगेज ने कहा कि यह मलबे में दबे जिंदा लोगों को बचाने के लिए सबसे संवेदनशील और महत्वपूर्ण समय है। लोगों के वहां पहुंचने से बचाव दलों की आवाजाही प्रभावित हो रही है, इसलिए आम नागरिक फिलहाल ला गुआइरा जाने से बचें।

उन्होंने बताया कि सेना, पुलिस, सिविल प्रोटेक्शन, दमकल कर्मियों और बचाव टीमों को आपदा प्रभावित इलाकों तक तेजी से पहुंचने के लिए रास्ते खाली रखना जरूरी है।



भूकंप के बाद कई परिवार हथौड़ों और दूसरे औजारों से इमारतों का मलबा हटाकर अपने परिजन की तलाश कर रहे हैं।

हैदराबाद में सड़क उनके नाम पर की गई, अमेरिकी राष्ट्रपति बोले- शुक्रिया

# अगले साल की शुरुआत में भारत आ सकते हैं ट्रम्प

**वॉशिंगटन/नई दिल्ली, एजेंसी**


अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प साल 2027 की शुरुआत में भारत आ सकते हैं। न्यूज एजेंसी IANS के मुताबिक, व्हाइट हाउस में मीडिया से बातचीत के दौरान विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने ये बयान दिया। ये ट्रम्प की राष्ट्रपति रहते हुए दूसरी भारत यात्रा हो सकती है। इससे पहले ट्रम्प साल 2020 में पहली बार भारत यात्रा पर आए थे। वे अहमदाबाद में 'नमस्ते ट्रम्प' कार्यक्रम में शामिल हुए थे।

रूबियो से पूछा गया कि वे भारत की प्रगति, विकास और वैश्विक स्तर पर प्रधानमंत्री मोदी की भूमिका को कैसे देखते हैं, तो उन्होंने कहा, 'हम PM मोदी और उनके द्वारा किए गए



कार्यों के बहुत बड़े प्रशंसक हैं।' ट्रेड डील और टैरिफः दोनों देश एक बड़े द्विपक्षीय व्यापार समझौते (BTA) के बेहद करीब हैं। ट्रम्प की नई टैरिफ नीतियों और भारतीय सामानों पर लगने वाले टैक्स को कम करने पर सीधी बात हो सकती है।

डिफेंस और मिलिट्री डीलः 'इंडिया-यूएस कॉम्पैक्ट' के तहत दोनों देशों के बीच सैन्य ताकत बढ़ाने और अत्याधुनिक हथियार बनाने की तकनीक शेयर करने पर फैसला हो सकता है।




### हैदराबाद में ट्रम्प के नाम पर सड़क

ट्रम्प के नाम पर सड़क की घोषणा मंगलवार को हैदराबाद में अमेरिका के 250वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आयोजित 'फ्रीडम 250' समारोह में की गई। इस दौरान भारत में अमेरिका के राजदूत सर्जियो गोर और तेलंगाना के उपमुख्यमंत्री मल्लू भट्टी विक्रमार्का मौजूद थे।

ट्रम्प के नाम पर सड़क की घोषणा मंगलवार को हैदराबाद में अमेरिका के 250वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आयोजित 'फ्रीडम 250' समारोह में की गई। इस दौरान भारत में अमेरिका के राजदूत सर्जियो गोर और तेलंगाना के उपमुख्यमंत्री मल्लू भट्टी विक्रमार्का मौजूद थे।

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने हैदराबाद में अमेरिकी वाणिज्य दूतावास के पास की सड़क का नाम 'डोनाल्ड ट्रम्प एवेन्यू' रखे जाने पर भारत का धन्यवाद किया है।

# जॉर्जिया की संसद में पीएम के भाषण के दौरान आपस में भिड़े सांसद

**त्बिलिसी, एजेंसी**

जॉर्जिया के प्रधानमंत्री इराक्ली कोबाखिद्ज़े शुक्रवार को संसद में अपना वार्षिक संबोधन दे रहे थे, तभी हिंसक झड़प हो गई। स्प्रिंग सत्र के इस आखिरी पूर्ण सत्र के दौरान सत्ताधारी दल जॉर्जियाई ड्रीम और विपक्षी दल गाखारिया फॉर जॉर्जिया के सांसदों के बीच जमकर लात-घूंसे चले। विपक्ष का आरोप है कि सत्ताधारी दल के सांसदों ने उनके सदस्य पर हमला किया।

यह हंगामा प्रश्नकाल के दौरान शुरू हुआ, जब विपक्ष के सांसद जियोर्गी शराशीद्ज़े प्रधानमंत्री के अधिकारों और उनकी भूमिका पर सवाल उठा रहे थे। उन्होंने अजरबैजान के राष्ट्रपति इल्हाम अलीयेव के हालिया जॉर्जिया दौरे का जिक्र किया। इस दौरे का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था, जिसमें जॉर्जियाई ड्रीम पार्टी के संस्थापक और मानद अध्यक्ष



बिद्ज़ना इवानिश्विली और राष्ट्रपति अलीयेव आगे चल रहे थे, जबकि पीएम कोबाखिद्ज़े उनके पीछे पृष्ठभूमि में चलते नजर आ रहे थे। विपक्ष का आरोप है कि असली ताकत इवानिश्विली के हाथ में है और प्रधानमंत्री केवल एक माध्यमिक भूमिका निभा रहे हैं।

सांसद शराशीद्ज़े ने मंच से सीधे पीएम को संबोधित करते हुए कहा कि जब राष्ट्रपति अलीयेव जॉर्जिया में थे, तो पूरे देश ने वे तस्वीरें देखीं कि आप कैसे कोने में खड़े थे। यह सीधे तौर पर इस सरकार में आपकी असली भूमिका और स्थिति को दर्शाता है। इसे हमें समझाएं।

जॉर्जिया में कई प्रधानमंत्री हुए हैं, लेकिन ऐसा कभी कोई नहीं हुआ। उन्होंने सत्ताधारी दल के सांसदों की हूटिंग का जवाब देते हुए आगे कहा कि अपनी बेशर्मी और अशिष्टता कहीं और ले जाएं।

**कार्रवाई :** ईरान ने अमेरिकी सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया, कहा- सीजफायर तोड़कर पछताएगा अमेरिका

# अमेरिका ने ईरान के मिसाइल ड्रोन ठिकानों पर हमला किया

**तेल अवीव, एजेंसी**

अमेरिका ने शुक्रवार को ईरान पर करीब एक घंटे तक हमले किए। अमेरिकी सेना ने मिसाइल-ड्रोन ठिकानों और तटीय रडार साइट्स को निशाना बनाया। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि ईरान ने सीजफायर तोड़ा, इसलिए जवाबी कार्रवाई की गई।

अमेरिकी सेंट्रल कमांड (CENTCOM) के मुताबिक, 25 जून को ईरान ने होर्मुज स्ट्रेट में सिंगापुर के कार्गो शिप 'एमवी एवर लवली' पर ड्रोन हमला किया था।


दूसरी ओर, ईरान की सरकारी न्यूज एजेंसी IRNA के मुताबिक



रिवोल्यूशनरी गाड्र्स (IRGC) की नौसेना ने दावा किया है कि उसने जवाब में क्षेत्र में मौजूद अमेरिकी सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया है। ईरान की संसद के सदस्य इब्राहिम अजीजी ने एक्स पर लिखा कि अमेरिका ने एक बार फिर बातचीत के बीच ईरान पर हमला किया है। युद्धविराम का यह उल्लंघन अमेरिका के लिए पीछे हटने और पछतावे की वजह बनेगा।

### ईरान बोला- अमेरिकी सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया

ईरान के विदेश मंत्रालय ने कहा कि ईरानी सेना ने अमेरिका से जुड़े ठिकानों पर हमला किया है। मंत्रालय के मुताबिक यह कार्रवाई ईरान के दक्षिणी तटीय इलाकों पर हुए अमेरिकी हवाई हमलों के जवाब में की गई। बयान में कहा गया कि अमेरिकी हमले संयुक्त राष्ट्र चार्टर और दोनों देशों के बीच युद्ध समाप्त करने के लिए हुए मेमोरेंडम का उल्लंघन हैं।



हिजबुल्लाह समर्थकों ने सड़क जाम करने की कोशिश में टायरों में आग लगाकर सड़को के बीच रख दिया।

### एक्सपर्ट- होर्मुज पर नियंत्रण दिखाने की कोशिश में ईरान-अमेरिका

रोम की अमेरिकन यूनिवर्सिटी के एक्सपर्ट एंड्रिया डेसी का मानना है कि ईरान और अमेरिका दोनों यह दिखाना चाहते हैं कि होर्मुज स्ट्रेट पर नियंत्रण रखने या वहां गतिविधियों को प्रभावित करने की क्षमता उनके हाथ में है। डेसी के मुताबिक, हालिया तनाव यह दिखाता है कि ईरान और अमेरिका के बीच हुआ मेमोरेंडम (MoU) बेहद नाजुक स्थिति में है और किसी भी समय टूट सकता है। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के हित में यही है कि हालात युद्ध में न बदलें।

> इजराइली सेना ने दक्षिणी लेबनान के अल-मंसूरी इलाके में लोगों को घर खाली करने की चेतावनी दी। वहीं, हिजबुल्लाह प्रमुख नईम कासिम ने कहा कि इजराइल को लेबनान की पूरी जमीन से बिना शर्त हटना होगा और संगठन किसी भी हाल में इजराइल से रिश्ते सामान्य नहीं करेगा।


## अडाणी केस तुरंत खारिज करने से अमेरिकी जज का इनकार

### बोले- सिर्फ बयान से केस नहीं हटेगा

**न्यूयॉर्क, एजेंसी**

अमेरिकी जज ने शुक्रवार को जस्टिस डिपार्टमेंट को निर्देश दिया है कि वे भारतीय बिजनेसमैन गौतम अडाणी के खिलाफ आपराधिक मामलों को वापस लेने के अपने फैसले को सही ठहराने वाली वजह बताएं। कोर्ट ने अडाणी के वकीलों द्वारा मामले को औपचारिक रूप से खारिज करने के अनुरोध पर तुरंत फैसला सुनाने से इनकार कर दिया है। फेडरल प्रॉसिक्यूटर्स यानी सरकारी वकीलों ने 18 मई को घोषणा की थी कि वे इस मामले में आगे मुकदमा नहीं चलाएंगे। मामले में अडाणी पर रिश्वतखोरी प्लान से जुड़े सिक्योरिटीज फ्रॉड और वायर फ्रॉड के आरोप थे।

इसके बाद अडाणी के वकीलों ने बुधवार को ब्रुकलिन के अमेरिकी जिला जज निकोलस गराउफिस से मामले को औपचारिक रूप से



खारिज करने का अनुरोध किया था। हालांकि, जज ने कहा कि प्रॉसिक्यूटर्स का नोटिस इस फैसले का पूरा एक्सप्लेनेशन नहीं देता है।

गराउफिस ने कहा कि सरकार का संक्षिप्त, सपाट और निष्कर्ष निकालने वाला बयान अदालत को किसी निष्कर्ष पर पहुंचने का पर्याप्त आधार नहीं है। इसके साथ ही यह केस की बर्खास्तगी के सरकारी अनुरोध का एनालिसिस यानी जांच करने के लिए भी सही नहीं है।

अडाणी पर यह मामला 2024 में डेमोक्रेटिक राष्ट्रपति जो बाइडेन के कार्यकाल के आखिरी में दर्ज किया गया था।

तमसा संकेत
tamsa.newslko@gmail.com
स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक विद्या देवी द्वारा कृष्णा डाइनेस्टी प्रिंटिंग प्रेस म0 न0 195 सेक्टर 6-बी, वृन्दावन योजना, रायबरेली रोड लखनऊ-226 029 (उ0प्र0) से मुद्रित व प्रकाशित।
सम्पादक : विद्यादेवी
समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा
समाचार पत्र में प्रकाशित लेख, राजनीतिक विश्लेषण, लेखकों के अपने विचार हैं। सम्पादक का इन विचारों से सहमत होना आवश्यक नहीं हैं।
मो0- 9415799533
R.N.I. NO. UPHIN/2021/83676